उज्जैन
बुधवार
26
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-293
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651



# दैनिक ब्रह्मास्त्र



3 ▶ सफाई कर्मचारियों ने इंदौर नगर निगम मुख्यालय घेरा

7 ▶ यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स में जोकोविच-सबालेंका पहले राउंड में हार


### उज्जैन जिले में चार महीने बाद बहाल हुआ टेक होम राशन

# अब खिचड़ी की एकरूपता पर उठे सवाल

ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन

करीब चार महीने के इंतजार के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों पर टेक होम राशन की व्यवस्था फिर शुरू हो गई है। पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी 4 अगस्त से नई व्यवस्था के तहत बच्चों और गर्भवती-धात्री महिलाओं को पूरक पोषण आहार का वितरण शुरू किया गया है। हालांकि, नई व्यवस्था में भोजन की विविधता कम होने से पोषण आहार की गुणवत्ता और संतुलन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मुख्य रूप से खिचड़ी का वितरण किया जा रहा है।

नई व्यवस्था के तहत एक सप्ताह दलिया मिक्स्ड खिचड़ी और अगले सप्ताह चावल की खिचड़ी देने की व्यवस्था है। बच्चों को पांच दिनों के लिए 725 ग्राम, जबकि गर्भवती और धात्री महिलाओं को 850 ग्राम खिचड़ी का पैकेट दिया जा रहा है। मंगलवार को खीर-पूरी भी दिए जाने का प्रावधान है।



#### पहले कई तरह के व्यंजन मिलते थे

नई व्यवस्था में सबसे बड़ा बदलाव पोषण आहार की विविधता को लेकर हुआ है। पहले आंगनबाड़ी केंद्रों पर अलग-अलग दिनों में दलिया, पूरी-सब्जी, चना फ्राई, हलवा, पुलाव, खिचड़ी, उपमा, दूध, पोहा, लड्डू, मठरी, नमकीन, मुरमुरे, बिस्किट, भुना चना और गुड़ सहित कई खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाती थी। अब अस्थायी तौर पर स्थानीय स्व-सहायता समूहों को जिम्मेदारी मिलने के बाद खिचड़ी वितरण को प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे में सवाल यह है कि खिचड़ी आधारित व्यवस्था बच्चों और महिलाओं की पोषण संबंधी जरूरतों को कितना पूरा कर पाएगी। विशेषकर कुपोषण से प्रभावित बच्चों के लिए भोजन में पर्याप्त प्रोटीन, ऊर्जा और अन्य पोषक तत्वों की उपलब्धता के साथ विविधता भी महत्वपूर्ण मानी जाती है।

#### चार महीने प्रभावित रहा वितरण

पूरक पोषण आहार की व्यवस्था में बदलाव के चलते करीब चार महीने तक टेक होम राशन का वितरण प्रभावित रहा। 14 जुलाई की कैबिनेट बैठक में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से यह जिम्मेदारी वापस लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद पहले पूरक पोषण आहार तैयार करने वाले सात प्लांट बंद हो गए। तत्काल व्यवस्था के तहत स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों को राशन तैयार कर वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि यह व्यवस्था फिलहाल दो से तीन महीने के लिए अस्थायी है। इसके बाद विभाग की ओर से आगे की व्यवस्था को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

#### 1200 करोड़ के बजट वाली योजना

- प्रदेश में पूरक पोषण आहार योजना का सालाना बजट करीब 1200 करोड़ रुपये बताया जाता है। इतनी बड़ी राशि वाली योजना का संचालन फिलहाल अस्थायी व्यवस्था के जरिए किया जा रहा है। विभाग अब निजी कंपनियों के माध्यम से पूरक पोषण आहार तैयार कराने की दिशा में भी प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पर काम चल रहा है।
- प्रदेश में करीब 97 हजार 135 आंगनबाड़ी केंद्र हैं और विभागीय आंकड़ों के अनुसार करीब 66 लाख बच्चे पोषण व्यवस्था से जुड़े हैं। इनमें लगभग 10 लाख बच्चे कुपोषित श्रेणी में बताए गए हैं। ऐसे में उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता, मात्रा और विविधता महत्वपूर्ण हो जाती है। बार-बार बदली व्यवस्था
- टेक होम राशन की व्यवस्था पिछले कुछ वर्षों में कई बार बदली है। वर्ष 2018 से पहले यह काम एमपी एग्रो के माध्यम से निजी ठेकेदारों से कराया जाता था। 2018 में व्यवस्था स्व-सहायता समूहों को दी गई। वर्ष 2020 में जिम्मेदारी फिर एमपी एग्रो को मिली और 2022 में इसे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के हवाले कर दिया गया। अब 2026 में इसकी जिम्मेदारी महिला एवं बाल विकास विभाग के पास है।
- बार-बार बदलती व्यवस्था के बीच अब चुनौती सिर्फ राशन वितरण शुरू करने की नहीं, बल्कि ऐसा संतुलित और विविध पूरक आहार उपलब्ध कराने की है, जो बच्चों और महिलाओं की वास्तविक पोषण जरूरतों को पूरा कर सके।

## अजय देवगन को लॉन्च करने वाले कुकू कोहली का निधन



**हार्ट अटैक आया था, 77 साल के थे, फिल्म फूल और कांटे के डायरेक्टर थे**

ब्रह्मास्त्र ▶▶ मुंबई

अजय देवगन को फिल्म फूल और कांटे से लॉन्च करने वाले वेटरन फिल्ममेकर कुकू कोहली का मंगलवार को 77 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुकू कोहली को हार्ट अटैक आया था। फिल्ममेकर अशोक पंडित ने इसकी पुष्टि की। कुकू कोहली की डायरेक्टर के तौर पर फूल और कांटे पहली फिल्म थी, इसी फिल्म से उन्होंने अजय देवगन को बॉलीवुड में लॉन्च किया था। यह फिल्म सुपरहिट रही थी। इसके बाद कुकू कोहली ने कोहराम, सुहाग, हकीकत और जुल्मी जैसी फिल्में बनाईं।

### तेलंगाना के सूर्यापेट में बस-ट्रक की भिड़ंत

# हादसे में 6 की मौत, कई लोग घायल

ब्रह्मास्त्र ▶▶ तेलंगाना

तेलंगाना के सूर्यापेट में भीषण सड़क हादसे की खबर है। निजी बस और ट्रक की भिड़ंत में छह लोगों की मौत हुई है, जबकि कई घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा बुधवार सुबह करीब 5.20 बजे हुआ। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है।

तेलंगाना के सूर्यापेट में सुबह करीब 5:20 बजे एक प्राइवेट ट्रैवल बस और ट्रक की टक्कर में छह



लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई अन्य गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए पुलिस ने बताया कि स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बस में कुल 43 यात्री सवार थे।

#### मृतकों की शिनाख्त के प्रयास

पुलिस के मुताबिक बस, हैदराबाद से विजयवाड़ा जा रही थी। दुर्घटना सूर्यापेट के दुगार्पुरम स्टेज के पास हुई। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे पर तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने दुख जाहिर किया है। तेलंगाना सीएमओ ने एक बयान जारी कर कहा कि एक प्राइवेट बस कोडाड मंडल के द्वारकुंटा में एक कंटेनर से टकरा गई। मुख्यमंत्री ने राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि घायलों को बेहतर इलाज मिले।

## कीर्तन कर रहे लोगों को कार ने कुचला पांच की मौत

ब्रह्मास्त्र ▶▶ सुपौल

सुपौल जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। कटैया चौक के समीप ठल-327ए पर सड़क किनारे कीर्तन कर रहे लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

## बाजार से 18% सस्ती-प्याज बेचेगी सरकार, 4 शहरों में सप्लाई होगी

ब्रह्मास्त्र ▶▶ नई दिल्ली

देश में प्याज की बढ़ती कीमतें काबू करने के लिए केंद्र सरकार दिल्ली में 35 रुपए किलो के रियायती दर पर प्याज बेचेगी। अभी यहां प्याज 55 रुपए किलो बिक रही है। यह मौजूदा औसत रिटेल कीमत से करीब 36% यानी 20 रुपए कम है। इसके लिए बुधवार को 800 टन प्याज की पहली खेप लेकर 'कांदा एक्सप्रेस' दिल्ली पहुंचेगी। कंज्यूमर अफेयर्स सेक्रेटरी निधि खरे ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली में यह प्याज नैफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार के स्टोर्स के जरिए बेची जाएगी। निधि खरे ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के चार अन्य बड़े केंद्रों- चेन्नई, एनार्कुलम, मदुरै और गुवाहाटी में भी रेलवे के जरिए थोक में प्याज भेजी जा रही है। इन शहरों में भेजी जा रही प्याज महाराष्ट्र के नासिक में रखे सरकारी बफर स्टॉक से निकाली गई है। सरकार का मकसद इन प्रमुख उपभोक्ता केंद्रों में बढ़ती कीमतों पर तुरंत रोक लगाना है।

## सीहोर में बढ़े बस किराए पर भड़के छात्र, बस स्टैंड किया ठप




ब्रह्मास्त्र ▶▶ भोपाल

केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र सीहोर जिले के भेरुंदा में मंगलवार को बढ़े हुए बस किराए के विरोध में छात्रों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। पॉलिटेक्निक, आईटीआई और कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बस स्टैंड पर एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन किया और चक्काजाम कर यातायात पूरी तरह ठप कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने बढ़े हुए किराए को तत्काल वापस लेने और विद्यार्थियों के लिए स्थायी रियायती बस पास की मांग की। छात्रों ने बताया कि किराए में बढ़ोतरी के विरोध में कुछ दिन पहले आईटीआई के विद्यार्थियों ने स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन के माध्यम से किराए में राहत देने की गुहार लगाई गई थी, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया, जिससे असंतुष्ट होकर विद्यार्थियों को सड़कों पर उतरना पड़ा।

## शरीर में पैलेट गन के छर्रे, आंख से दिखना बंद

### साहिल बोले- पुलिस ने एफआईआर नहीं की राहुल गांधी ने 6 घंटे धरना दिया, तब सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ▶▶ नई दिल्ली

20 जुलाई को दिल्ली में सीजेपी के संसद मार्च के दौरान पैलेट गन से घायल साहिल लोहचब की आंखों में आज भी दो छर्रे फंसे हैं। दो बार सर्जरी के बावजूद आंखों की रोशनी लौटने की उम्मीद कम है।

साहिल ने बताया कि वह दिल्ली पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। परिवार का खर्च चलाने के लिए पार्ट टाइम ड्राइवर का काम भी करते थे। जंतर-मंतर पर परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर प्रदर्शन शुरू



हुआ, तो साहिल छात्रों का समर्थन करने के लिए वहां चले गए।

साहिल का आरोप है कि एफआईआर दर्ज कराने के लिए परिवार ने कई बार पुलिस से संपर्क किया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। 21 अगस्त को राहुल गांधी करीब 6 घंटे संसद मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठे, जिसके बाद शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई।

## भागवत अमेरिका में, 29 को मेडिसन स्क्वेयर में कार्यक्रम

### न्यूयॉर्क मेयर ममदानी बोले- आरएसएस की रैली को समर्थन नहीं

ब्रह्मास्त्र ▶▶ वाशिंगटन

आरएसएस चीफ मोहन भागवत मंगलवार को न्यूयॉर्क पहुंचे। यह उनके 17 दिन के तीन देशों के दौरे का पहला पड़ाव है। न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर भारतीय महिलाओं ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया।



भागवत का यह दौरा आरएसएस के शताब्दी वर्ष के ग्लोबल आउटरीच कार्यक्रम के तहत हो रहा है। आरएसएस के 100 साल पूरे होने के मौके पर देश-विदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अमेरिका के बाद भागवत कनाडा और ब्रिटेन जाएंगे। संघ के मुताबिक, इस दौरान वह भारतीय मूल के लोगों और स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क के मेडिसन स्क्वायर गार्डन में यूनिवर्सल वननेस कार्यक्रम में शामिल होंगे।






# सूरत में वंदेभारत पर पथराव

### यूपी की राज्यपाल सवार थीं, 2 कोच के शीशे टूटे, पत्थर मारने वाला युवक पकड़ाया





ब्रह्मास्त्र ▶▶ अहमदाबाद

यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मंगलवार को वंदेभारत एक्सप्रेस से मुंबई से अहमदाबाद जा रही थीं। ट्रेन सूरत रेलवे स्टेशन से रवाना होने के बाद उतरण स्टेशन के पास पहुंची, तभी एक युवक ने उस पर पथराव कर दिया।

आनंदीबेन पटेल एग्जीक्यूटिव कोच में सवार थीं। वह पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि ट्रेन के सी-6 और सी-10 चेयर कार कोच के शीशे टूट गए। पथराव के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने पत्थर फेंकने वाले एक युवक को हिरासत में लिया है। पथराव की सूचना मिलने के बाद तुरंत आरपीएफ को जानकारी दी गई। अंकलेश्वर आरपीएफ के इंस्पेक्टर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। उससे पूछताछ की जा रही है। वीवीआईपी यात्री के ट्रेन में सवार होने के कारण घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। आरपीएफ की टीम ने रेलवे ट्रैक के पास करीब 30 साल के युवक को पकड़ा। शुरूआती जांच में उसके नशे की हालत में होने की बात सामने आई है। फिलहाल उसकी पहचान और पथराव के कारणों की जांच की जा रही है।

#### राज्यपाल पहली बार 10 दिन की छुट्टी पर

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 17 से 26 अगस्त तक छुट्टी पर हैं। अवकाश के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अनुमति ली थी। यूपी की राज्यपाल बनने के बाद से आनंदीबेन पटेल ने पहली बार इतनी लंबी छुट्टी ली है। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव सुधीर बोवड़े ने बताया था कि राज्यपाल सिलवासा और दमन दीव के भ्रमण पर हैं।

### पूर्व सीडीएस बोले

## पाकिस्तान की किराना हिल्स से टकराया था ड्रोन

ब्रह्मास्त्र ▶▶ नई दिल्ली

देश के पूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने बताया कि मई 2025 में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की किराना हिल्स पर अनजाने में एक ड्रोन गिर गया था। पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने दिल्ली में मंगलवार को विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन के प्रोग्राम में ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद के हालात पर बात की। जनरल चौहान ने कहा कि कभी-कभी सवाल उठता है कि क्या किराना हिल्स पर हमला हुआ था। हमने टारगेट ढूंढने के लिए पाकिस्तान के सरगोधा में कई ड्रोन भेजे थे। इनका काम सरगोधा और उसके आस-पास मौजूद राडार को खोजना था। सीडीएस बोले- ड्रोन लगभग 2 घंटे तक हवा में घूमता है। उसे टारगेट नहीं मिला। हो सकता है कि ऐसा ही कोई ड्रोन जाकर अनजाने में किराना की पहाड़ियों से टकराया हो।

### स्कूल में हिजाब पहनने की नहीं मिली इजाजत भड़के असदुद्दीन ओवैसी

**इलाहाबाद।** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश की कड़ी आलोचना की है, जिसमें प्रयागराज के एक स्कूल की नाबालिग छात्रा की याचिका खारिज कर दी गई थी। छात्रा ने स्कूल की निर्धारित यूनिफॉर्म के साथ हिजाब पहनने की अनुमति मांगी थी। दारुस्सलाम स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित जलसा-ए-रहमतुल-लिल-आलमीन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओवैसी ने हाई कोर्ट के फैसले को 'इस्लाम पर हमला' बताया। उन्होंने कहा कि जब सबरीमाला मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और संविधान के तहत किसी धर्म में किसी प्रथा की अनिवार्यता पर विचार किया जा रहा है, तब हाई कोर्ट को ऐसा आदेश नहीं देना चाहिए था।

### अमेरिका के मोंटाना में परिवार के 8 लोगों की हत्या

**मोंटाना।** अमेरिका के मोंटाना के बिलिंग्स शहर में रविवार शाम एक परिवार के 8 लोगों की हत्या कर दी गई। घटना उस समय हुई जब परिवार के लोग एक साथ डिनर कर रहे थे। आरोपी ने सबको गोली मारने के बाद घर में आग लगा दी। फिर खुद को भी शूट कर लिया। आरोपी के अलावा मरने वाले लोग एक ही परिवार की चार पीढ़ियों से थे। इनमें 4 बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, उन्हें रविवार शाम करीब 6 बजे घर से गोली चलने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के पीछे से गोलियों की आवाज आ रही थी। घर के बाहर एक व्यक्ति घायल मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वही इस घटना का संदिग्ध माना जा रहा है।

### इमरान के बेटे का दावा- पाकिस्तान तानाशाही की ओर बढ़ रहा

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे सुलैमान ईसा खान ने दावा किया है कि पाकिस्तान तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने अपने पिता के लंबे समय से जेल में होने को इसका उदाहरण बताया। वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुलैमान ने कहा कि पिछले कई साल से उनके पिता के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है और इसमें सेना की बड़ी भूमिका है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में इमरान खान की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चर्चा की गई। सुलैमान के साथ उनके भाई कासिम खान, अंतरराष्ट्रीय वकील जेरेड जेनसर और अंतरराष्ट्रीय मामलों तथा मीडिया के सलाहकार सैयद बुखारी भी शामिल हुए। इमरान के बेटों ने कहा कि वे जेल में बंद अपने पिता से मिलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोशिशें लगातार नाकाम हो रही हैं।

### गडकरी के राजनीतिक संन्यास की अटकलों पर विराम, बोले बयान का राजनीति से कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान के बाद उठी उनके संभावित राजनीतिक संन्यास की अटकलों पर उनके कार्यालय ने मंगलवार को स्थिति स्पष्ट कर दी। गडकरी के कार्यालय ने कहा कि युवा पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपने और खुद पहले जितना काम नहीं कर पाने संबंधी उनकी टिप्पणी का राजनीति से कोई संबंध नहीं था। यह बयान लक्ष्मणराव मानकर ट्रस्ट के संदर्भ में दिया गया था। कार्यालय की इस सफाई के बाद गडकरी के राजनीतिक जीवन से संन्यास लेने को लेकर चल रही चर्चाओं पर फिलहाल विराम लग गया है। गडकरी के कार्यालय की ओर से जारी स्पष्टीकरण में कहा गया कि केंद्रीय मंत्री ने यह बात अपने द्वारा स्थापित लक्ष्मणराव मानकर ट्रस्ट के संदर्भ में कही थी। यह संस्था आदिवासी क्षेत्रों में एकल विद्यालय संचालित करने के काम से जुड़ी है।

### पत्रकार अभिषेक उपाध्याय को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम सुरक्षा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व तहलका प्रधान संपादक तरुण तेजपाल को 2013 के दुष्कर्म मामले में दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उनके द्वारा आत्मसमर्पण प्रमाण-पत्र दाखिल किए जाने के बाद ही बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ उनकी अपील पर गुण-दोष के आधार पर सुनवाई आगे बढ़ेगी, जिसमें उन्हें दोषी ठहराकर 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायमूर्ति आलोक अराधे ने मंगलवार को यह आदेश पारित किया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक तेजपाल को दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करना होगा और उसका प्रमाण-पत्र अदालत में दाखिल करना होगा। यदि प्रमाण-पत्र 22 सितंबर तक दाखिल हो जाता है तो उनकी अपील को उसी दिन सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

### देश कोई धर्मशाला नहीं सिर्फ नागरिकों रहने का अधिकार : शाह

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि यह देश कोई धर्मशाला नहीं है। यहां रहने का अधिकार केवल नागरिकों को है। घुसपैठिए देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए खतरा हैं। हमारा लक्ष्य देश को इन घुसपैठियों से मुक्त करना है। शाह ने इंटेलिजेंस ब्यूरो की नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजीज कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने पिछले आठ महीनों में सभी बॉर्डर स्टेट का दौरा किया है। उन्होंने इन राज्यों के साथ सीमा सुरक्षा की रणनीति से जुड़ा दस्तावेज भी साझा किया।

## खबर एक नजर...

### अंबे माता मंदिर में गूंजा ॐ नमः शिवाय, अनुष्ठान में हुए 5.50 लाख मंत्र जाप

**उज्जैन।** सावन मास में लिए गए संकल्प के तहत मोहन नगर स्थित अंबे माता मंदिर में ॐ नमः शिवाय मंत्र जाप का विशाल अनुष्ठान संपन्न हुआ। श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने एक साथ 5.50 लाख बार ॐ नमः शिवाय का जाप किया। संस्था के हरि सिंह यादव ने बताया कि सावन मास में नई पीढ़ी को अध्यात्म, संस्कार और सनातन संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से यह मंत्र जाप अनुष्ठान किया गया। इस आयोजन की प्रेरणा वाल्मीकि धाम के पीठाधीश्वर व राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में संस्था द्वारा यह धार्मिक आयोजन विगत 11 वर्षों से सतत रूप से किया जा रहा है।

### सावन मास में महाराष्ट्र समाज ने की सामूहिक मंगलागौरी पूजा

**उज्जैन।** सावन मास के अवसर पर महाराष्ट्र समाज द्वारा सामूहिक मंगलागौरी (अन्नपूर्णा देवी) पूजा का आयोजन किया गया। इस महापूजा में उज्जैन सहित आसपास के शहरों से आए अनेक नवविवाहित दंपतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समाज की ओर से पूजा में शामिल नवदंपतियों का स्वागत कर उनका सम्मान किया गया। सामूहिक मंगलागौरी पूजा विधिवत रूप से दिलीप कोरान्ने, राजेश कोरान्ने, हेमंत पाध्ये, दिनकर तेलंग, स्वप्निल लाखे, भावेश कोरान्ने, गोरांश कोरान्ने, प्रथम कोरान्ने, नारायण काले और अनिरुद्ध पुराणिक द्वारा संपन्न कराई गई। पूजन कार्यक्रम के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी व भोजन का आयोजन किया गया। समाजजनों ने मंगलागौरी माता से सभी परिवारों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

### आज होगा डॉ. राजी व अशोक वक़्त स्मृति सम्मान समारोह

**उज्जैन।** आस्था समाज सेवा समिति और जोशी आईएएस संस्थान के तत्वावधान में बुधवार सुबह 11 बजे कालिदास अकादमी के पंडित सूर्यनारायण व्यास संकुल में डॉ. राजी एवं अशोक वक़्त स्मृति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग और व्यापमं की परीक्षाओं में शामिल हुए विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। जोशी आईएएस संस्थान की निदेशक डॉ. पांखुरी वक़्त ने बताया कि शिक्षाविद स्व. डॉ. राजी और प्रख्यात साहित्यकार, संपादक व कला समीक्षक स्व. अशोक वक़्त की स्मृति में यह आयोजन किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि उज्जैन दक्षिण विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और घट्टिया विधायक डॉ. सतीश मालवीय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज करेंगे।

### दक्षिण विधानसभा के गांवों में रक्षाबंधन महोत्सव में उमड़ी मातृशक्ति

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन और भाजपा महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल के नेतृत्व में उज्जैन दक्षिण विधानसभा के ग्राम चिंतामण जवासिया, रत्नाखेड़ी मंगरोला, दाऊदखेड़ी और चांदमुख पालखेड़ी में भव्य रक्षाबंधन महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर वैभव यादव ने सभी उपस्थित महिलाओं से राखी बंधवाई और उन्हें उपहार वितरित किए। रक्षाबंधन के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, जिला महामंत्री आनंद खींची, जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव, मंडल प्रभारी विजय चौधरी, जितेंद्र कृपलानी, दर्शन प्रभारी पंकज मिश्रा, मंडल महामंत्री जितेंद्र आंजना, इंदर चौधरी, उज्जैन जनपद पंचायत अध्यक्ष दीपक चौधरी, जिला पंचायत सदस्य शोभाराम मालवीय, अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैयालाल चौहान, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, सरपंच प्रतिनिधि उदयसिंह परिहार, विकास आंजना, नरेंद्र पोरवाल, भाजयुमो प्रदेश मंत्री कार्तिकेय मिश्रा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नितिन सेन, वरिष्ठ करणसिंह आंजना (काकासाब), पवन यादव, दुलपसिंह पंवार, हटेसिंह आंजना सहित अनेक मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने किया पौधारोपण, शहर में लगेंगे दो निशुल्क चश्मा शिविर

**उज्जैन।** सामाजिक संगठन नई पहल का वार्षिक मिलन समारोह धतरावदा स्थित स्काई वैली फार्महाउस में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि वक्फ बोर्ड अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. सनवर पटेल ने संस्था द्वारा शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा को लेकर संस्था की सोच बहुत सकारात्मक है और इस पुनीत कार्य में जहां भी जरूरत होगी, वे हमेशा साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने उज्जैन शहर में संस्था द्वारा लंबे समय से संचालित शव वाहन सेवा के सुचारू संचालन की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. सनवर पटेल द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर की गई। संस्था के सरपरस्त सैयद आबिद अली मीर ने घोषणा की कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उज्जैन शहर में दो चश्मा शिविर लगाए जाएंगे।

# प्रतिभावान बालिकाओं का हुआ सम्मान, स्वास्थ्य शिविर में जांची सेहत

## सर्वसहाय वेलफेयर फाउंडेशन ने छात्राओं को शिक्षा के साथ संस्कार का दिया संदेश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




सर्वसहाय वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शिवाजी नगर बस्ती स्थित सेवा भारती बालिका छात्रावास में प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर और स्नेह भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उनके भीतर सेवा, संस्कार और आत्मविश्वास की भावना को मजबूत करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजीता परमार थीं। उनके साथ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र शर्मा, जनअभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक अरुण कुमार व्यास, अवनि श्री सामाजिक संस्था की अध्यक्ष प्रियंका जोशी, राष्ट्रीय कवि राहुल शर्मा तथा माधव सेवा न्यास के ट्रस्टी व सेवा भारती सदस्य रितेश सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान कर उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के साथ संस्कार, आत्मविश्वास और उचित मार्गदर्शन मिलना समाज के उज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रतिभाओं का सम्मान उन्हें आगे बढ़ने के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के लिए स्नेह भोज भी रखा गया, जिसमें अतिथियों एवं संस्था के सदस्यों ने बालिकाओं के साथ आत्मीयता से समय बिताते हुए उनके अनुभव और विचार जाने। संस्था अध्यक्ष सुनील बारोड़ ने बताया कि सर्वसहाय वेलफेयर फाउंडेशन सदैव समाज के जरूरतमंद वर्गों, बच्चों एवं युवाओं के हित में सेवा कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करना संस्था की सामाजिक जिम्मेदारी है। समाज की प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना सभी का सामूहिक दायित्व है।

इस अवसर पर संस्था सदस्य अंकुर अवस्थी, दिव्या अवस्थी, माधव परमार, दीपिका जोशी, पूजा भोसले, जान्हवी भोसले और अक्षरा अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संचालन चेतन जोशी ने किया.

### शंखनाद समिति का आयोजन, चार क्षेत्रों की संयुक्त शोभायात्रा में शामिल हुईं पांच हजार से अधिक महिलाएं

# शिव महापुराण कथा के समापन पर निकली विशाल कलश यात्रा





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मक्सी रोड पंवासा स्थित श्रीराम विजय वाटिका में शंखनाद समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के विश्राम के अगले दिन मंगलवार को विशाल कलश व शोभायात्रा निकाली गई। पंवासा, पांड्याखेड़ी, नीमनवासा और शंकरपुर क्षेत्र की इस संयुक्त यात्रा में पांच हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुईं।

कथा के दौरान ज्योतिषाचार्य अजय शंकर तिवारी द्वारा प्रतिदिन सुमधुर वाचन किया गया। यह भव्य आयोजन शंखनाद समिति के संयोजक आनंद खींची, अध्यक्ष संजय पवार और कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह गोंड के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

आयोजन में भागीरथ सिंह गोंड, अनूप सिंह अटल, राहुल दरबार, अशोक पवार, मोनू यादव, संतोष सिंह गोंड, अंतर सिंह अटल, विजय सिंह अटल, दीप सिंह अटल, समन्दर सिंह अटल, अनिल सिंह गोंड, इन्द्रमणि राजपूत, बंशीलाल भाटी, हरीश सोलंकी, रमेश गुर्जर, तूफान मालवीय, नरेन्द्र सोलंकी, कमल सोलंकी, राजेश सिंह, लक्ष्मण सिंह चंदेल, जीवन लाल रायकवार, लक्की दरबार, संदीप रायकवार, भावेश वर्मा, मुन्ना रायकवार, परमानंद प्रजापत, पुरुषोत्तम मालवीय, लखन भरवाबत, खन्ना बंजारा, प्रकाश वर्मा, अजय दरबार, मधु यादव, धर्मेंद्र खटीक, केशवेंदर चौहान, लता मालवीय डाला, राजश्री चौहान, जया गुर्जर, फूला बाई और पूजा भराबत सहित शंखनाद समिति के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### अभिनंदन परिसर में राखी मेला शुरू, सांसद फिरोजिया ने किया शुभारंभ

उज्जैन। म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत देवास रोड स्थित अभिनंदन परिसर में सोमवार को राखी मेला-2026 का शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन सांसद अनिल फिरोजिया ने किया। इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जिला पंचायत सदस्य श्याम और प्रताप सिंह आर्य विशेष रूप से उपस्थित थे। यह मेला 24 से 26 अगस्त तक दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। मेले में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित आकर्षक राखियों, हस्तशिल्प और विभिन्न स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर बिक्री की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का अवलोकन कर उनकी सराहना की और उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया। शुभारंभ अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक अमित ब्रिजवानी, परियोजना अधिकारी अजय भालसे, जिला प्रबंधक छाया भार्गव, कंचन कड़वे, आशा दुबे, रूपेंद्र यादव, विनोद भीमावद सहित विकासखंड स्तरीय टीम और मिशन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीएस परीक्षा के परिणाम घोषित, एग्जीक्यूटिव में अनुज और प्रोफेशनल में गुंजन उतरा बनीं सिटी टॉपर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया ने जून 2026 सत्र की प्रोफेशनल एवं एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षाओं के परिणाम मंगलवार को नई दिल्ली में घोषित कर दिए हैं। उज्जैन सेंटर से एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में अनुज गर्ग ने शहर में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं प्रोफेशनल प्रोग्राम में गुंजन उतरा सिटी टॉपर रही हैं। परीक्षार्थी अपना विषयवार परिणाम संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके अलावा एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम के छात्रों को ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट डाउनलोड करने की सुविधा भी दी गई है। उज्जैन सेंटर के परीक्षा परिणाम के अनुसार सीएस प्रोफेशनल प्रोग्राम के ग्रुप एक में 36.84 प्रतिशत और ग्रुप दो में 28.57 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसी तरह एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम के ग्रुप एक में 19.70 प्रतिशत और ग्रुप दो में 19.23 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की है। कंपनी सेक्रेटरीज प्रोफेशनल एवं एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम की आगामी परीक्षाएं 21 दिसंबर 2026 से 28 दिसंबर 2026 के बीच दोपहर के सत्र में आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं में शामिल होने के लिए विद्यार्थी 26 अगस्त 2026 से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अंकित मेड़तवाल ने बताया कि छात्रों को बेहतर अध्ययन का वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाइब्रेरी की सुविधा शुरू की गई है। दिसंबर 2026 सत्र के विद्यार्थियों के लिए जल्द ही रिफ्रेशर कोर्स और स्टडी सर्किल मीटिंग शुरू की जाएंगी।

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर निर्मला कॉलेज में दिखाई इसरो मिशन की डॉक्यूमेंट्री




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

निर्मला कॉलेज एवं निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के विभिन्न मिशनों पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक देखा।

महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों, अनुसंधान और इसरो के महत्वपूर्ण अभियानों की जानकारी मिली। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और नई कल्पनाओं को प्रोत्साहित करता है। यह दिवस प्रेरणा देता है कि आकाश हमारी सीमा नहीं, बल्कि नई संभावनाओं की शुरूआत है। देश का अंतरिक्ष क्षेत्र निरंतर प्रगति पर है और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को स्पेस विजन 2047 की दिशा में भारत की महत्वाकांक्षी यात्रा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में निर्मला कॉलेज के निदेशक डॉ. एंटनी जोसफ निरप्पेल, निर्मला कॉलेज की प्राचार्य एवं अकादमिक निदेशक प्रो. डॉ. कीर्ति डिङ्गी, निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्य डॉ. पंकजा सोनवलकर, डॉ. राजीव त्रिवेदी, डॉ. नितिन जौहरी, सहायक प्राध्यापक अंजलि बी. रोज सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। आयोजन का संचालन सहायक प्राध्यापक मेघना नाहर ने किया और आभार सह-प्राध्यापक डॉ. विश्वास तिवारी ने माना।

### हर वार्ड में जाकर उठाएंगे मूलभूत मुद्दे

# युवा कांग्रेस का 'बेटर सिटीज' अभियान शुरू

## संवाद, संघर्ष और समाधान के संकल्प के साथ नगर निगम से मांगेंगे जवाब

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शहर की बदहाल सड़कों, नालियों और सफाई व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर उज्जैन शहर एवं जिला युवा कांग्रेस ने 'बेटर सिटीज' (मेरा शहर-मेरा हक) मुहिम का शंखनाद किया है। इस अभियान के तहत युवा कांग्रेस नेता शहर के हर वार्ड में जाकर कमेटियों का गठन करेंगे और जनता के साथ मिलकर नगर निगम व जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब मांगेंगे।

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित देवव्रत यादव ने बताया कि 'बेटर सिटीज' मुहिम का मुख्य संकल्प संवाद, संघर्ष और समाधान है। युवा कांग्रेस का उद्देश्य सिर्फ समस्याओं को उठाना नहीं है, बल्कि जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित कर लोकतांत्रिक तरीके से उनका समाधान करवाना है। वार्ड स्तर पर जाने के लिए 8 प्रमुख मुद्दे तय किए गए हैं, जिनमें साफ-सफाई, गड्ढे मुक्त सड़कें और ड्रेनेज जैसी बुनियादी जरूरतें शामिल हैं। इन मुद्दों को लेकर संबंधित अधिकारियों की घेराबंदी की जाएगी।

### 'मेहनत के हाथ' से असंगठित वर्ग को साधने की तैयारी

अभियान से जुड़े पोस्टर भी जारी किए गए। इसके जरिए सफाईकर्मी, घरेलू कामगार, रेहड़ी-पटरी विक्रेता, सुरक्षा गार्ड, ऑटो व ई-रिक्शा चालक और गिग वर्कर्स की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। युवा कांग्रेस इन वर्गों के लिए पक्की नौकरी, न्यूनतम वेतन, पीएफ-ईएसआई, सुरक्षा और सम्मान जैसे अधिकारों की मांग को लेकर भी सड़क पर उतरेगी। अभियान से जुड़ने के लिए एक टोल-फ्री नंबर भी जारी किया गया है।

इस दौरान मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल, बबलू खींची, आनंद मीणा, रहीम लाला, संचित शर्मा, योगेश दाहिमा, अश्विन मावरी, करण सूर्यवंशी, पीयूष सारवान, रिजवान लाला, बलराम तिवारी और शाहनवाज पठान सहित युवा कांग्रेस के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पंचाक्षर मंत्र जाप से शिवमय हुआ रिद्धि-सिद्धि गार्डन, भजनों पर झूमे 600 श्रद्धालु

# श्री महाकाल नियमित दर्शन भोग आरती संगठन का सावन महोत्सव

### सांसद समेत कई जनप्रतिनिधियों का हुआ स्वागत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



श्री महाकाल नियमित दर्शन भोग आरती संगठन द्वारा अंकपात स्थित रिद्धि-सिद्धि गार्डन में सावन महोत्सव के तहत पंचाक्षर मंत्र जाप एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में नियमित महाकाल दर्शन आरती के लगभग 600 महिला-पुरुष सदस्यों ने आनंद और उल्लास के साथ शिव भजनों और पंचाक्षर मंत्र जाप पर नृत्य किया। कार्यक्रम का समापन बाबा महाकाल की भव्य आरती के साथ हुआ।

संगठन के अध्यक्ष विनोद लाला के मार्गदर्शन एवं आयोजक अजीत मंगलम के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत बाबा महाकाल के पूजन से हुई। मंचीय कार्यक्रम के दौरान अतिथि के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया, मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन, कुश्ती संघ नगर अध्यक्ष उमेश सिंह ठाकुर गुड्डू भैया, विकास प्राधिकरण डायरेक्टर सदस्य विजय अग्रवाल, राम गुरु, नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, उपाध्यक्ष ऋषि वर्मा, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, नगर अध्यक्ष पुष्कर यादव, एल्डरमेन अशोक देवड़ा, अरविंद उपाध्याय, मुकेश मालवीय, मनीष खंडेलवाल और पार्षद योगेश्वरी राठौर का महाकाल का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर संगठन के सचिव रूप सिंह बुंदेला, संतोष सोलंकी, नरेंद्र डोडिया, महेंद्र भारतीय, अर्जुन रामी, आशीष चावड़ा, गोपाल बागरवाल, मनोहर परमार, लीलाधर आढ़तिया और शिवनारायण जागीदार सहित बड़ी संख्या में बाबा महाकाल के भक्त उपस्थित रहे। वहीं, महिला अध्यक्ष शारदा बिसेन के साथ महिला सदस्यों में विशेष रूप से कविता मंगलम, सुनीता शर्मा, अंजू गुप्ता, शकुंतला अग्रवाल, कविता राय और संगीता परमार उपस्थित रहीं।

### सनातन वेशभूषा में दी शानदार प्रस्तुति

श्रावण मास में बाबा महाकाल की चौथी सवारी के दौरान चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ व डमरू मंडली ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया। तेज धूप के बावजूद पूजा बिटिया के नेतृत्व में बालिकाओं के दल ने पूरे उत्साह के साथ प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बालिकाओं ने सनातन धर्म की पारंपरिक वेशभूषा में यह प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विदित हो कि तेलीवाड़ा चौराहा स्थित भेरू महाराज मंदिर से यह दल कई सालों से भ्रमण कर रहा है। मंदिर में चैतन्य भैरव मित्र मंडली के राकेश तिवारी, बसंत परिहार और दादा राणा सिंह ने पूजा बिटिया और उनकी टीम का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बालिकाओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बालिकाओं द्वारा सनातन धर्म और संस्कृति का जो संदेश दिया जा रहा है, वह समाज के लिए प्रेरणादायी है।

# सशक्त युवा ही सशक्त भारत की नींव, विद्यार्थियों को बताए कानूनी अधिकार

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, साइबर सुरक्षा और पॉश एक्ट की दी जानकारी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और अवनीश्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञानपीठ महाविद्यालय में 'सशक्त युवा, सशक्त भारत' विषय पर विधिक जागरूकता एवं युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नालसा जागृति योजना 2026 के अंतर्गत हुए इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों, कर्तव्यों, साइबर व लैंगिक सुरक्षा, बाल एवं महिला अधिकारों तथा मानसिक विकास के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पी.सी. गुप्ता, सचिव मनोज कुमार भाटी और जिला विधिक अधिकारी अमित शर्मा के मार्गदर्शन में तथा तृतीय सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड) सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम महादिक ने की। शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद डॉ. गिरीश पंड्या ने संस्था का परिचय दिया।

प्रथम सत्र में पीएलवी ऋषिका जोशी ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, ओटीपी व पासवर्ड साझा न करने और संदिग्ध लिंक व ऑनलाइन ठगी से बचने की जानकारी दी। पीएलवी व अवनीश्री संस्था की अध्यक्ष प्रियंका जोशी ने पॉक्सो एक्ट, समानता के अधिकार और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। राज्य आनंद संस्थान के जिला समन्वयक डॉ. प्रवीण जोशी ने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत व सकारात्मक बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मविश्वासी युवा ही सशक्त भारत की नींव हैं।

उज्जैन
बुधवार
26
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।।
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति।।
अर्थः उठो, हे सज्जनों, सावधान रहो। श्रेष्ठ (ज्ञानी) पुरुषों को प्राप्त करके (जाकर) ज्ञान प्राप्त करें। त्रिकालदर्शी (बुद्धिमान व्यक्ति) उस पथ (दर्शन का मार्ग) को उस्तरा की तेज (पार करने में कठिन) धारा (बहुत कठिन) के समान (समान) कहते हैं।

## खबर एक नजर...

### आस्था वृद्धाश्रम में आज मनाया जाएगा रक्षाबंधन का पर्व, मंत्री विजयवर्गीय होंगे शामिल

**इंदौर।** रक्षाबंधन का पर्व उन बुजुर्गों और दिव्यांगों के बीच मनाया जाएगा, जिन्हें अपनों के साथ और स्नेह की सबसे ज्यादा जरूरत है। आओ बनाएं रक्षाबंधन अपनों के संग अभियान के तहत परदेशीपुरा स्थित आस्था वृद्ध सेवा आश्रम में बुधवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों और दिव्यांगों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाकर उन्हें अपनत्व का एहसास कराया जाएगा। कार्यक्रम 26 अगस्त को सुबह 10.30 बजे आस्था वृद्धाश्रम, समाज कल्याण परिसर, इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स चौराहा, परदेशीपुरा में होगा। आयोजन में शहर के जनप्रतिनिधि और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। वहीं महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मैंदोला और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय सहित शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधि और पार्षदगण अतिथि के रूप में शामिल होंगे। एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर ने बताया कि रक्षाबंधन के मौके पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल त्योहार मनाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बुजुर्गों और दिव्यांगों के साथ भावनात्मक जुड़ाव का संदेश भी देगा। कार्यक्रम के दौरान उनके साथ रक्षाबंधन मनाया जाएगा और खुशियां साझा की जाएंगी। आयोजन का उद्देश्य समाज में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान, संवेदना और अपनत्व की भावना को मजबूत करना है।

### इंदौर में 7 जगह सांसद गजेंद्र पटेल-कविता पाटीदार का स्वागत



**इंदौर।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद खरगोन सांसद गजेंद्र पटेल और राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार मंगलवार को पहली बार इंदौर पहुंचे हैं। दोनों नेताओं का एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक जगह जगह भाजपा कार्यकताओं ने स्वागत किया। रैली एयरपोर्ट से मरी माता चौराहा पहुंचने पर कुछ देर जाम की स्थिति बनी इसके बाद फिर बारिश शुरू हो गई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम में सांसद गजेंद्र कोठारी को राष्ट्रीय महामंत्री और कविता पाटीदार को राष्ट्रीय मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मिस्त्री ने लगाई फांसी, दो दिन पहले साले से हुआ था विवाद

**इंदौर।** एमआईजी इलाके में रहने वाले एक मिस्त्री ने सोमवार रात में फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी पत्नी ढाई साल से मायके में थी। दो दिन पहले उसे घर लेकर आने को लेकर साले से मोबाइल पर कहासुनी हुई थी। मिस्त्री ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें पत्नी और साले पर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने बताया कि बलराम (37) पुत्र मांगीलाल कीर निवासी कृष्णबाग कॉलोनी ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने उसे फंदे पर देखा, इसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी। बलराम के कपड़ों से एक चिट्ठी मिली है, जिसमें उसने अपने साले भीम और पत्नी दीपिका पर धमकाने का आरोप लगाया है। बलराम ने उसमें लिखा है कि दो दिन पहले पत्नी से मोबाइल पर बात कर रहा था, तब उन्होंने झूठे प्रकरण दर्ज कराने को लेकर धमकाया और अपशब्द कहे थे। इसके बाद वह काफी तनाव में था। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। परिवार के मुताबिक बलराम की शादी को करीब आठ साल हो गए थे। उसकी दो साल की बेटी है। मायके वाले बेटी के जन्म के समय दीपिका को अपने साथ लेकर गए थे, वहीं से उसे बलराम के पास वापस नहीं आने दे रहे थे। बलराम के परिवार में उसके भाई हैं और वह मूल रूप से सेमलिया चाऊ के रहने वाले हैं। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### युवती से छेड़छाड़, विरोध पर परिजनों को पीटा

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ और उसके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की सगाई दूसरी जगह तय होने से नाराज सिरफिरे युवक ने घर के बाहर उसका हाथ पकड़ लिया और परिजनों के आने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने अपने दोस्तों को बुलाकर पीड़िता, उसकी बहनों और चचेरे भाई की लात-घूसों से पिटाई कर दी। चंदन नगर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी आयुष पटेल से उसकी पिछले डेढ़ साल से दोस्ती थी। परिजनों ने हाल ही में उसकी सगाई इंदौर से बाहर पक्की कर दी थी। इसके बावजूद आयुष लगातार कॉल और मैसेज कर बात करने का दबाव बना रहा था। पीड़िता ने उसे कई बार समझाया कि उसकी सगाई हो चुकी है, इसलिए वह इस तरह की हरकतें बंद कर दे। घटना के समय पीड़िता के माता-पिता काम से बाहर गए हुए थे और वह अपनी बहनों के साथ घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान आयुष वहां पहुंचा और जबरन युवती का हाथ पकड़ लिया। आरोपी कहने लगा कि अपने परिजनों को बुलाओ, आज ही शादी की बात करनी है। पीड़िता की बहन ने जब माता-पिता को फोन किया, तो आयुष धमकी देने लगा कि वह किसी से नहीं डरता और अगर शादी कहीं और हुई तो जान से मार देगा।

विभिन्न मांगों को लेकर चार पंचायतों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में

# सफाई कर्मचारियों ने इंदौर नगर निगम मुख्यालय घेरा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को चार पंचायतों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। कर्मचारियों ने नगर निगम कमिश्नर के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण की मांग की। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लेकर निगम परिसर में जमीन पर बैठ गए।

**मांगों को लेकर निगम मुख्यालय का घेराव, जमीन पर बैठे कर्मचारी-** सकल छावनी पंचायत के अध्यक्ष पटेल लेखराज नरवले ने बताया कि प्रदर्शन में सकल छावनी पंचायत, महावाल्मीकि पंचायत, महामना लश्करी पंचायत और वरिष्ठ जमीदारी पंचायत के पदाधिकारी

## 3 दिन में मांगें पूरी नहीं हुईं तो हड़ताल की चेतावनी, ठेकेदारी प्रथा खत्म करने की मांग





शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के साथ हो रहे कथित अत्याचार के विरोध में कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि तीन दिन में मांगें मंजूर नहीं हुईं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा और हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने, 30 साल से कार्यरत विनियमित कर्मचारियों को स्थायी करने और 15-20 साल से लगातार काम कर रहे दैनिक वेतनभोगियों को विनियमित करने की मांग रखी। इसके अलावा वर्ष 2025 से 2026 के बीच निलंबित या बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को वेतन सहित बहाल करने की मांग भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने कुछ अधिकारियों को हटाने की मांग भी रखी। नरवले ने कहा कि इंदौर लगातार स्वच्छता में नंबर वन रहा है। ऐसे में सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

### ज्ञापन मिला, नियमानुसार निराकरण के लिए भेजेंगे

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने कहा कि संगठनों की ओर से दिए गए ज्ञापन में नियमितीकरण, ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने और अन्य मांगें शामिल हैं। प्राप्त ज्ञापन का परीक्षण किया जाएगा और जो मांगें जिस सक्षम स्तर से निराकृत होनी हैं, उन्हें वहां भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम की कार्रवाई का उद्देश्य शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखना है। अच्छा काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाता है। वहीं, काम में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। प्रदर्शनकारियों की ओर से उठाए गए सभी बिंदुओं को समझने के बाद स्थिति के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इंदौर में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई

# कई प्रतिष्ठानों से लिए खाद्य पदार्थों के सैंपल

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मंगलवार को बाणगंगा क्षेत्र में कार्रवाई की। कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और तहसीलदारों के साथ कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। कार्रवाई में करीब 4 हजार किलो खाद्य सामग्री जब्त की गई। कई जगह से सैंपल भी जांच के लिए लिए गए।

**बिना लाइसेंस चल रही यूनिट का काम बंद कराया**



**न्यू एनके चना परमल से 1950 किलो माल-** विशाल नगर स्थित मेसर्स न्यू एनके चना परमल में चना, पीनट और परमल की प्रोसेसिंग मिली। यहां साफ-सफाई संतोषजनक नहीं थी। टीम ने चना के 2, पीनट व दाना के 2 और तले हुए मटर का 1 सैंपल लिया। मौके से 1950 किलो सामग्री, कीमत करीब 2.50 लाख रुपए, जब्त की गई।

**अमरनाथ भंडार से 1377 किलो जब्त-** बाणगंगा मेन रोड स्थित अमरनाथ चना परमल भंडार से मूंगफली, चना और मटर के 4 सैंपल लिए गए। यहां से 1377 किलो सामग्री, कीमत 83,626 रुपए, जब्त की गई। वहीं, शिवम ट्रेडर्स से मूंगफली के 4 सैंपल लिए गए और 280 किलो मूंगफली जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 36,400 रुपए है। खाद्य विभाग के अनुसार सभी सैंपल जांच के लिए लैब भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### बिना लाइसेंस यूनिट बंद कराई

राजकुमार जायसवाल के प्रतिष्ठान से मूंगफली दाना और धनिया पाउडर के सैंपल लिए गए। यहां से 300 किलो मूंगफली दाना और 150 किलो धनिया पाउडर जब्त किया गया। प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस नहीं मिला। इस पर प्रकरण दर्ज कर खाद्य पदार्थों की प्रोसेसिंग बंद करा दी गई।

बेकरी और रेस्टोरेंट से भी सैंपल

शिकायत पर सतगुरु बेकर्स का निरीक्षण किया गया। यहां अस्वच्छ परिस्थितियों में केक बनता मिला और पंजीयन भी प्रस्तुत नहीं किया गया। केक का सैंपल लिया गया। इसके अलावा चाय ठिकाना से बन मस्का व पनीर और यादव श्री रेस्टोरेंट से गुलाब जामुन व मोतीचूर लड्डू के सैंपल लिए गए।

# खजराना गणेश के लिए तैयार की सनातन राखी



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इस रक्षाबंधन पर खजराना गणेश को 40 इंच बाय 40 इंच की सनातन राखी अर्पित की जाएगी। राखी को तैयार करने में करीब ढाई महीने का समय लगा है। पिछले 23 सालों से पालरेचा परिवार इस परंपरा को निभाता आ रहा है। 24 वें साल में भगवान गणेश को सनातन राखी अर्पित की जाएगी। इस वर्ष राखी की मूल थीम राष्ट्रभाव और वंदे मातरम के 150 वर्ष पर आधारित है, जो इंदौर की कला के माध्यम से पूरे देश में राष्ट्रीय चेतना का संचार करती है। राखी में मां वाग्देवी के स्वरूप को उकेरकर लंदन संग्रहालय में रखी उनकी ऐतिहासिक प्रतिमा को धार की ऐतिहासिक भोजशाला में पुनः स्थापित करने के राष्ट्रीय संकल्प को स्वर दिया गया है। कमल के भव्य आकार में तैयार इस राखी में सनातन संस्कृति के प्रमुख स्तंभों को समाहित किया गया है।

# राखी पर मायके जा रही महिला की मौत

## इंदौर में दूसरी बाइक के बैग की बेल्ट हैंडल में उलझी, पति-बेटा भी गिरे, बाइक सवार फरार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में 30 वर्षीय पूजा पाटीदार की मौत हो गई। वह पति निर्मल पाटीदार और 8 साल के बेटे के साथ राखी के त्योहार पर मायके जा रही थीं। बेस्ट प्राइज के पास मोड़ पर दूसरी बाइक के बैग की बेल्ट उनकी बाइक के हैंडल में उलझ गई, जिससे तीनों सड़क पर गिर गए। हादसे में पूजा सिर के बल सड़क पर गिरीं और उनके सिर में गंभीर चोट आई। काफी खून बहने के बाद पति निर्मल और उनका बेटा उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**पति-बेटे को मामूली चोट-** हादसे में बाइक चला रहे निर्मल पाटीदार और उनके बेटे को मामूली चोट आई। टक्कर के बाद दूसरी बाइक सवार भी सड़क पर गिरा था, लेकिन वह तुरंत बाइक लेकर मौके से भाग गया। पूजा तिल्लौर खुर्द की रहने वाली थीं। उनके पति निर्मल पाटीदार किसान हैं। परिवार में सास-



ससुर, जेठ और अन्य लोग हैं।

**मौके पर छूटा बाइक सवार का मोबाइल-** परिवार के मुताबिक, हादसे के बाद भाग रहे बाइक सवार का मोबाइल मौके पर ही छूट गया। परिवार ने मोबाइल पुलिस को सौंप दिया है। लसूड़िया पुलिस ने मोबाइल के आधार पर बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंदौर के हॉस्पिटल में मरीज की मौत, हंगामा, स्टाफ-गार्ड ने भागकर बचाई जान

# आईसीयू में तोड़फोड़, नर्सों को छिपना पड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के सरकारी सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में मंगलवार शाम को 60 वर्षीय मरीज ताहिरा कपाड़िया की मौत हो गई। गुस्साए परिजन ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ से विवाद शुरू कर दिया। मामला बढ़ने पर परिवार के एक युवक ने मारपीट शुरू कर दी। उसने आईसीयू में रखे जीवन रक्षक उपकरण उठाकर फेंक दिए। घटना शाम करीब 7 बजे अस्पताल की छठी मंजिल स्थित आईसीयू में हुई। अचानक हुए हंगामे से क्वव में भर्ती दूसरे मरीजों और उनके परिजनों में भी दहशत फैल गई। स्थिति बिगड़ने पर मेडिकल स्टाफ को अपनी सुरक्षा के लिए क्वव से बाहर निकलना पड़ा। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया गया।



**अस्पताल सुपरिंटेंडेंट भी क्वव में जाने को तैयार-** हंगामे के बाद काफी देर तक डेडबॉडी क्वव में ही रखी रही। इस बीच परिजन और डॉक्टर के बीच पुलिस गतिरोध सुलझाने की कोशिश करती रही। लेकिन, हंगामे और मारपीट से डरे डॉक्टर, नर्स और पैरा मेडिकल स्टाफ ने आईसीयू में जाने से इनकार कर दिया। वहीं, अस्पताल के सुपरिटेंडेट डॉ. डीके शर्मा भी जाने को तैयार नहीं है।

काफी देर तक दोनों पक्षों से बातचीत के बाद तय हुआ कि 5 परिजन पुलिस की मौजूदगी में डॉक्टर के साथ आईसीयू क्वव में जाएंगे। दूसरी ओर, सिक्योरिटी स्टाफ ने अस्पताल के गेट के बाहर मीडिया को रोक दिया। अंदर के विजुअल्स बनाने से मना किया गया। यही नहीं आईसीयू के कांच पर कागज भी चिपका दिए गए।

**पहले से गंभीर थी मरीज की हालत-** जिस मरीज की मौत हुई, उसकी हालत शुरूआत से ही गंभीर थी। उसे इलाज के लिए सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के क्वव में भर्ती किया था। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा था, लेकिन मंगलवार शाम उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने इलाज को लेकर डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ से विवाद शुरू कर दिया।

**विवाद बढ़ा तो डॉक्टर से मारपीट-** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शुरूआत में डॉक्टरों ने परिजन को समझाने की कोशिश की। इसके बाद परिजन और मेडिकल स्टाफ के बीच कहासुनी हुई। कुछ देर में विवाद बढ़ गया और परिवार का एक युवक डॉक्टरों से मारपीट करने लगा।

इंदौर ट्रैफिक पुलिस का सख्त संदेश -अब ह्रापटाखा साउंडह्न नहीं, कार्रवाई रहेगी जारी

# 1000 से ज्यादा मॉडिफाइड साइलेंसर पर चला रोड रोलर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर की सड़कों पर बाइक के मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज और पटाखे जैसी आवाज पर ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। लंबे समय से चल रही कार्रवाई में जब्त किए गए 1000 से अधिक मॉडिफाइड साइलेंसरों पर मंगलवार शाम को रोड रोलर चला दिया गया।

पुलिस ने साफ संदेश दिया कि नियम विरुद्ध मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज और कर्कश आवाज निकालने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**चौराहों और मुख्य मार्गों पर लगाई जा रही चेकिंग-** चेकिंग के दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के



साथ-साथ मॉडिफाइड साइलेंसर और हूटर का इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, मॉडिफाइड साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई कर मौके से साइलेंसर जब्त किए गए।

### डीसीपी बोले- मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है असर

डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि नियमों के खिलाफ तेज और कर्कश ध्वनि वाले साइलेंसर लगाकर आम लोगों में डर पैदा करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज और विस्फोटक ध्वनि ध्वनि प्रदूषण बढ़ाने के साथ लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव डालती है। इसका असर विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों पर पड़ सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तेज कर्कश और पटाखा साउंड वाले मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### दुकानदारों से भी की अपील

ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों के साथ-साथ साइलेंसर बेचने वाले दुकानदारों से भी अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर की बिक्री न करें। पुलिस ने लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने और शहर को ध्वनि प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

# मप्र में कोटे की 68% बारिश, 25.5 इंच बरस चुका- भोपाल, उज्जैन-ग्वालियर संभाग में आज से तेज बारिश का दौर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल





मध्य प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 25.5 इंच बारिश हो चुकी है, जो कुल कोटे की 68 प्रतिशत है। अब तक 11% पानी कम गिरा है। इस वजह से प्रदेश के 40 जिलों में कम बारिश हुई है। 15 जिले ही ऐसे हैं, जहां औसत से ज्यादा पानी गिर चुका है।

मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, एक सप्ताह तक पूर्वी हिस्से को तरबतर करने वाला मानसून अब उत्तरी, पश्चिमी और मध्य हिस्से में एक्टिव होगा। अगले 2 दिन तक भोपाल, उज्जैन, सागर, ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में तेज बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बुधवार को भिंड, दतिया और सागर में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, शाजापुर, राजगढ़, आगर-मालवा, उज्जैन, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, दमोह, मैहर और सिवनी में भारी बारिश की चेतावनी है। यानी, अगले 24 घंटे में इन जिलों में ढाई इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है। बुधवार को भोपाल, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, नीमच, मंदसौर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, मुरैना, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि प्रदेश में सिस्टम की एक्टिविटी देखने को मिल रही है। इस वजह से लगातार तेज बारिश हो रही है। अगले तीन दिन तक कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम केंद्र की माने तो प्रदेश में अब तक 648.7 मिमी यानी, 25.5 इंच बारिश हो चुकी है। हालांकि, यह अब तक की सामान्य बारिश 28.6 इंच (727.9 मिमी) की तुलना में 3.1 इंच कम है। वहीं, ओवरऑल 11 प्रतिशत कम पानी गिरा है।

### 40 जिलों में 3% से 50% तक कम बारिश

प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 19% तक कम बारिश हुई है। बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सिवनी, टीकमगढ़, डिंडौरी, निवाड़ी में 3% से 50% तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, दतिया, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी,रायसेन, रतलाम, खंडवा, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा में औसत से 2% से 49% कम पानी गिरा है।

## सब इंजीनियर, मानचित्रकार की 1040 पोस्ट पर भर्ती रद्द

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडलने समूह-3 उपयंत्री यानी सब इंजीनियर, मानचित्रकार और अन्य समकक्ष पदों पर संयुक्त भर्ती परीक्षा रद्द कर दी है। मंडल ने रूल बुक और आवेदन प्रक्रिया भी निरस्त कर दी है। अब अलग से परीक्षा तारीख तय की जाएगी। जिन अभ्यर्थियों ने भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया है, उनको फीस लौटाई जाएगी।

समूह-3 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 का विज्ञापन 18 अगस्त 2026 को जारी किया था। 1040 पदों पर भर्ती के लिए 18 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन बुलाए जा रहे थे। लेकिन विज्ञापन जारी होने के बाद दूसरे विभागों और शासकीय उपक्रमों से उपयंत्रियों के रिक्त पदों की भर्ती के लिए अतिरिक्त मांगपत्र टढएइ को मिले हैं। मंडल की तरफ से कहा गया है कि नए पदों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने से रिक्तियों की संख्या बढ़ जाएगी। इससे अधिक संख्या में अभ्यर्थियों की नियुक्ति तय समय-सीमा में संभव हो सकेगी। जिसके चलते परीक्षा निरस्त करने का फैसला लिया गया है।

## कार सवार तीन युवकों ने चाकू-ब्लेड से हमला किया, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**सतना।** सतना के कोलगवां थाना क्षेत्र में मंगलवार रात सड़क पर पानी के छींटे पड़ने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। रीवा रोड स्थित बस स्टैंड के पास कार सवार तीन युवकों ने एक बाइक सवार युवक पर कथित तौर पर चाकू और ब्लेड से हमला कर दिया। हमले में युवक के चेहरे और हाथ पर चोटें आई हैं। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आदर्श नगर निवासी विष्णु कुमार गुप्ता मंगलवार रात बाइक से सतना से माधवगढ़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रीवा रोड स्थित बस स्टैंड के पास उनकी बाइक के पास से एक कार गुजरी। सड़क पर पानी से भरे गड्ढे में कार का पहिया पड़ गया। इससे गंदा पानी उछलकर बाइक सवार विष्णु गुप्ता के ऊपर जा गिरा। विष्णु ने कार सवार युवकों से पानी के छींटे पड़ने को लेकर विरोध जताया।

## आदर्श आंगनबाड़ी में अव्यवस्था, फटी दरियों पर बैठने को मजबूर बच्चे

**उमरिया।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के करकेली विकासखंड के ग्राम बड़ागांव स्थित एक 'आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र' में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यहां बच्चे फटी हुई दरियों पर बैठते हैं और केंद्र के आसपास गंदगी फैली हुई है। केंद्र में शौचालय और पोषण वाटिका के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। यह स्थिति तब है जब पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों को व्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त बनाने का अभियान चल रहा है। महिला बाल विकास विभाग की अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि विभाग के आधे से अधिक भवन क्षतिग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त भवनों के लिए विभाग को पत्र लिखा गया है और उसके बाद ही नए भवनों का निर्माण होगा। दरियों के फटने पर दिव्या गुप्ता ने कहा कि उपयोग के कारण वे फट जाती हैं। 'आदर्श आंगनबाड़ी' के बोर्ड के संबंध में उन्होंने अनभिज्ञता जताई और कहा कि यह पहले कभी घोषित हुआ होगा, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने सीडीपीओ को मामले की जांच करने के लिए सूचित करने की बात कही। आंगनबाड़ी सहायिका मुन्नी बाई ने बताया कि भवन में चारदीवारी और शौचालय नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार रात में शराबी आंगनबाड़ी के दरवाजे पर थूक जाते हैं, जिससे बच्चों को असुविधा होती है।

## सतना में दुष्कर्म का आरोपी 9 साल बाद गिरफ्तार

**सतना।** सतना सिविल लाइन थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में नौ साल से फरार चल रहे आरोपी को पन्ना से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रजीम खान (32), निवासी आगरा मोहल्ला, पन्ना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को दबिश देकर पकड़ा। मंगलवार को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी रजीम खान की पीड़िता महिला से पहले से जान-पहचान थी। महिला की शादी होने के बाद भी आरोपी कथित तौर पर उसे लगातार परेशान करता रहा। महिला ने शुरूआत में आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मामले ने गंभीर रूप लिया और आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया गया।

## नर्मदापुरम में नपाध्यक्ष ने एफआईआर कराने की धमकी दीःकंपनी ने रात में ही भर दिया गड्ढा

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम मीनाक्षी चौक पर पेयजल की मुख्य लाइन फूटने के बाद सुधार के लिए खोदा गया गड्ढा नपा अध्यक्ष की चेतावनी के 8 घंटे बाद भर दिया गया। सड़क पर जमा मिट्टी और कीचड़ को भी नगर पालिका ने फायर ब्रिगेड से पानी डालकर हटवाया। नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव मंगलवार को मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कंपनी के इंजीनियर और कर्मचारियों को रात तक सुधार कार्य पूरा कर गड्ढा भरने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि काम पूरा नहीं होने पर कंपनी के खिलाफ तीसरी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके बाद कंपनी ने सुधार कार्य तेज किया और 8 घंटे में गड्ढा भर दिया। बाद में नगर पालिका ने रात करीब 12 बजे फायर ब्रिगेड से पानी डालकर सड़क पर जमा मिट्टी और कीचड़ हटवाया। 20 अगस्त को मीनाक्षी चौक पर सीवरेज लाइन डालने के दौरान इंटेकवेल से फिल्टर प्लांट तक जाने वाली पेयजल लाइन डैमेज हो गई थी। इससे शहर के कई वार्डों में पानी की सप्लाई प्रभावित हुई थी। नगर पालिका को टैंकरों से पानी पहुंचाकर आपूर्ति करनी पड़ी। पांच दिन तक गड्ढा खुला रहने से लोगों को परेशानी हो रही थी। दिन में कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही थी। सड़क पर जमा कीचड़ के कारण लोगों के पैर भी फिसल रहे थे। इस मामले में नगर पालिका ने कंपनी के मैनेजर नरेंद्र सिंह के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मंगलवार दोपहर नपाध्यक्ष भी मौके पर पहुंचीं और अधूरा काम देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने सीवरेज प्रोजेक्ट का काम समय पर पूरा नहीं होने पर कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी थी।

# ई-अटेंडेंस पर जल्द आएगा का नया सर्कुलर

## संकुल प्राचार्यों को मिलेगा राहत देने का अधिकार, मनमानी पर लगेगी रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में ई-अटेंडेंस को लेकर शिक्षकों के विरोध के बीच स्कूल शिक्षा विभाग अब इसके पॉवर डेलिगेट करने की तैयारी में है। जल्द ही जिलों में पदस्थ संकुल प्राचार्यों को इसके पॉवर दिए जाएंगे और उचित कारण होने की दशा में संकुल प्राचार्य अपने विद्यालय क्षेत्र में आने वाले शिक्षकों को ई-अटेंडेंस लगाने के मामले में देरी पर राहत दे सकेंगे। जल्दी ही इसके आदेश विभाग जारी करने वाला है।

लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने कहा कि शिक्षकों की ई-अटेंडेंस व्यवस्था अब सामान्य स्थिति में आ गई है। रोज 97 से 98 प्रतिशत शिक्षकों द्वारा ई अटेंडेंस लगाई जा रही है, इसलिए अब उचित कारण के साथ संकुल प्राचार्यों को इससे संबंधित पॉवर दिए जाएंगे। जल्दी ही इसको लेकर अगले 15 दिनों में सर्कुलर जारी कर दिया जाएगा।

संकुल प्राचार्यों के लिए जारी किए जाने वाले मार्गदर्शी सिद्धांत में यह स्पष्ट किया जाएगा कि किस तरह के मामलों में ई अटेंडेंस लगाने में देरी पर व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए संकुल प्राचार्य अपने संकुल क्षेत्र के शिक्षकों को राहत दे सकेंगे। इस निर्देश में यह भी साफ रहेगा कि संकुल प्राचार्य मनमानी न कर सकें और ई अटेंडेंस में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होने पाए।

### सिर्फ व्यवहारिक दिक्कतों को स्वीकार करेंगे

आयुक्त सिंह ने कहा कि विभाग का उद्देश्य शिक्षकों को पीनलाइज या प्रताड़ित करना नहीं है बल्कि एक व्यवस्थित सिस्टम को प्रभावी करना है और शिक्षकों द्वारा इसका पालन भी किया जा रहा है।

सिंह के अनुसार व्यवहारिक दिक्कतों को ई-अटेंडेंस में स्वीकार किया जाएगा लेकिन आदतन ई-अटेंडेंस नहीं लगाने और इसका दुरुपयोग करने की कोशिश पर एक्शन लिया जाएगा। इसके अलावा हमारे शिक्षक साफ्टवेयर में इससे संबंधित और भी जो दिक्कतें हैं, उसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने भी इसको लेकर शिक्षकों के समक्ष पेश आने वाली दिक्कतों के बारे में बताया है। इसलिए वे उसमें सुधार कराएंगे।

### जून का ई-अटेंडेंस के कारण रोका वेतन मिलेगा

लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने यह भी कहा कि जून माह का जिन शिक्षकों का ई अटेंडेंस के कारण वेतन रुका है या काटा गया है, उसे शिक्षकों को पे किया जाएगा। यह निर्णय उन शिक्षकों के मामले में लागू होगा जिनका जुलाई और अगस्त का ई अटेंडेंस प्रॉपर लग रहा है। आदतन देर से आने वाले या ई अटेंडेंस नहीं लगाने वालों के वेतन में कटौती जारी रहेगी।

# प्रार्थना की आवाज सुनकर धर्मांतरण के आरोप लगाए जा रहे

## यूसीसी पर ईसाई धर्मगुरु बोले- घरों में धार्मिक गतिविधियों पर रोक जैसी स्थिति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता बिल 2026 को लेकर मुस्लिम और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के धर्मगुरुओं व विधि विशेषज्ञों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईसाई धर्मगुरु अनिल मार्टिन ने धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि संविधान नागरिकों को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार देता है, लेकिन मौजूदा हालात में घरों में प्रार्थना और आराधना करने पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

मार्टिन ने कहा कि ईसाई परिवारों में जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी या अन्य अवसरों पर घर में लोगों को बुलाकर प्रार्थना की जाती है। कई बार प्रार्थना या धार्मिक गीतों की आवाज बाहर जाने पर लोगों के पहुंचने और धर्मांतरण का आरोप लगाने की घटनाएं सामने आती हैं। मार्टिन ने कहा कि किसी व्यक्ति को अपने घर में धार्मिक गतिविधियां करने से रोकना उचित नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि सार्वजनिक स्थानों या सरकारी परिसरों में धार्मिक प्रतीकों पर आपत्ति नहीं होती, लेकिन घर में होने वाली प्रार्थना को लेकर सवाल खड़े किए जाते हैं।

#### 44 डेंगू और 40 मलेरिया मरीज मिले, अगस्त में 9 नए केस

# सतना में बारिश के बाद मच्छर जनित बीमारियों का बढ़ा खतरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सतना

सतना में बारिश के मौसम के साथ सतना जिले में मच्छरजनित और वायरल बीमारियों का प्रकोप बढ़ता दिखाई दे रहा है। जनवरी से अगस्त तक जिले में डेंगू के 44 और मलेरिया के 40 मरीज सामने आ चुके हैं। इनमें से ज्यादातर मामले बारिश के सीजन में सामने आए हैं। अकेले अगस्त में अब तक डेंगू के 2 और मलेरिया के 7 नए मरीज मिले हैं। बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लंबे समय से जमा पानी में मच्छरों के लार्वा पनपने की आशंका है। दूसरी ओर जिला अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी में भी बुखार और वायरल इंफेक्शन के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

मलेरिया विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से अगस्त तक मिले 44 डेंगू मरीजों में 29 सतना और 15 मैहर क्षेत्र से हैं। वहीं जिले में सामने आए 40 मलेरिया मरीजों में 37 सतना और 3 मैहर क्षेत्र से संबंधित हैं। अगस्त में अब तक डेंगू के 2 और मलेरिया के 7 मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ी है। बारिश के बाद मच्छरों की संख्या बढ़ने के साथ आने वाले दिनों में मरीजों की संख्या और बढ़ने की आशंका भी बनी हुई है।

हाल ही में उचेहरा ब्लॉक के पोंडी अंतर्गत वीरपुर गांव निवासी 26 वर्षीय डेविड कुमार दहायत मलेरिया पीवी पॉजिटिव पाए गए हैं। बुखार की शिकायत के बाद वे जिला अस्पताल पहुंचे थे। जांच में मलेरिया की पुष्टि होने के बाद डेविड को जिला अस्पताल के पुरुष मेडिकल वार्ड में भर्ती किया गया है। बताया गया कि डेविड हाल ही में मुंबई से लौटे थे। बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में पानी जमा है। धवारी, केशव नगर, टिकुरिया टोला, बजरहा टोला, राजेंद्रनगर और सिंधी कैंप सहित कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर पानी लंबे समय से जमा है। ऐसे स्थान मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल बन सकते हैं। रहवासियों ने जलभराव वाले इलाकों में लार्वा विनिष्टीकरण, कीटनाशक छिड़काव और फॉगिंग बढ़ाने की मांग की है।

बारिश के साथ जिला अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी में बुखार के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। अस्पताल में रोजाना 250 से अधिक मरीज बुखार की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं।

## गर्लफ्रेंड से नजदीकियां बढ़ीं तो दोस्त को गोली मारी पहले भी दी थी धमकी

**ग्वालियर।** ग्वालियर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में 23 अगस्त की रात हुए गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। नारायण विहार कॉलोनी के गेट के पास ड्यूटी से लौट रहे सचिन श्रीवास को उसके दोस्त बृजेश बरैया ने गोली मारी थी। बृजेश की गर्लफ्रेंड से सचिन की बढ़ती नजदीकी इसकी वजह थी। बृजेश ने सचिन को कई बार उससे बात करने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद आरोपी ने हत्या की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस ने बृजेश बरैया (27), निवासी गौतम नगर थाटीपुर को मंगलवार को केशर टावर के पास से हिरासत में लिया। उसकी निशानदेही पर मेला ग्राउंड के एक खंडहर से वारदात में इस्तेमाल 32 बोर की पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक चला हुआ खोका बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक 12 अगस्त को बृजेश नीली अपाचे से सिम्को तिराहा पहुंचा था। उसने एक टिक्की वाले के मोबाइल से सचिन के घरवालों को फोन कर धमकी दी थी कि सचिन मोनिका से मिलना-जुलना बंद कर दे, वरना उसे जान से मार देगा।

# भोपाल में आज फिर एकजुट होंगे व्यापारी, गांधीवादी तरीके से करेंगे कार्रवाई का विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल




आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर चल रही सीलिंग की कार्रवाई को लेकर बुधवार को व्यापारी फिर से विरोध जताएंगे। इस बार वे गांधीवादी तरीके से विरोध करेंगे। सुबह 11 बजे के बाद कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) परिसर में जुटेंगे और फिर यहां लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने प्रार्थना सभा करेंगे।

चैंबर के अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी जुटेंगे। इसके बाद वे सामूहिक रूप से रामधुन का गायन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना करेंगे और व्यापारियों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मार्गदर्शन की कामना करेंगे।

विरोध में सड़क पर उतर रहे व्यापारी नगर निगम की कार्रवाई के विरोध में व्यापारी सड़क पर उतर रहे हैं। पिछले सप्ताह रोशनपुरा चौराहे पर चक्काजाम हुआ था। इसके बाद बाग सेवनिया, अवधपुरी, 10 नंबर और आनंद नगर में भी प्रदर्शन हो चुके हैं। वहीं, शनिवार को रहवासी संघ ने गुलमोहर कॉलोनी में टॉर्च लाइट रैली निकाली थी। पिछले सप्ताह वे सात नंबर मार्केट में भी रैली निकाल चुके हैं। रहवासियों का कहना है कि किसी भी हालत में रहवासी इलाकों में कमर्शियल एक्टिविटी नहीं होनी चाहिए।

नए सर्वे में भवन से जुड़े दूसरे उल्लंघनों की भी जांच की जा रही है। अर्बन प्लानिंग के विशेषज्ञों के मुताबिक यदि समय पर मास्टर प्लान आता तो रहवासियों और कारोबारियों के सामने यह स्थिति नहीं खड़ी होती। रहवासी और व्यावसायिक इलाके अलग-अलग चिह्नित बनाए जाते।

सख्ती के बाद शहर के उन इलाकों के कारोबारियों में दहशत है, जो रहवासी इमारतों में दुकानें चला रहे हैं। अवधपुरी, अयोध्या बायपास, गौतम नगर, अशोका गार्डन, लालघाटी समेत जैसे इलाकों में दुकानदार नोटिस के बाद कमर्शियल इलाकों में दुकानें तलाश रहे हैं।

# आयुष्मान में बड़ा खेल- शिविर लगाकर बीपी-शुगर के मरीज ढूंढे, क्लेम के लिए 7 दिन भर्ती भी रखा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायसेन



भोपाल के आसपास के गांवों से अस्पतालों में फर्जी मरीज भर्ती कर आयुष्मान में फजीर्वाड़ा उजागर होने के बाद ऐसा ही मामला रायसेन में भी सामने आया है। ब्लड प्रेशर, घुटनों में दर्द, शुगर, बहरापन आदि छोटी-मोटी बीमारी वाले मरीजों को एक ही दिन ले जाकर मंडीदीप स्थित सार्थक मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में भर्ती किया और क्लेम लेने के लिए सभी को 7 दिन रखा। फिर सभी को छुट्?टी देकर घर भी छोड़ गए।

ये सभी 17 मरीज सांचेत गांव के हैं। इन्हें ले जाने से पहले गांव के पंचायत भवन में अस्पताल द्वारा बाकायदा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया था। इसके बाद सभी को वाहन में भरकर मंडीदीप ले गए। 15 जुलाई को सांचेत, अगले दिन विशनखेड़ी में लगा शिविर : ग्रामीणों के अनुसार 15 जुलाई को सांचेत पंचायत भवन में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। टीम ने मरीजों की जांच के साथ आयुष्मान कार्ड का सत्यापन किया। इसके अगले दिन टीम विशनखेड़ी भी पहुंची, जहां शिविर लगाया गया।

ग्रामीणों के मुताबिक विशनखेड़ी से करीब 12 लोगों को ले जाने की बात सामने आई। कुल 17 मरीजों में 15 सांचेत के और दो डंडेरा के बताए गए हैं। अस्पताल का प्रबंधन देखने वाले सौरभ शर्मा से भास्कर ने बात की तो उनका कहना था कि मैं इस बारे में पता करता हूं। इसके बाद उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी। पैकेज और निगरानी नियमः आयुष्मान योजना में अधिकांश सामान्य सर्जरी, इलाज या मेडिकल मैनेजमेंट पैकेज में अस्पताल को क्लेम क्लीयर करने के लिए मरीज की दैनिक निगरानी, वाइटल्स और न्यूनतम भर्ती का रिकॉर्ड पोर्टल पर अपलोड करना होता है। संदेह से बचने का तरीकाः अस्पताल को लगता है कि 1-2 दिनमें छुट्टी देने पर नेशनल हेल्थ अथॉरिटी या एंटी-फ्रॉड टीम क्लेम को रीजेक्ट कर सकती है। इसलिए वे फर्जी मरीज या मामूली बीमारी वाले मरीजों को भी जबरन 5 से 7 दिन तक रोककर रखते हैं ताकि कागजों पर गंभीर इलाज दिखाया जा सके।

### भगवती बाई को घुटनों में दर्द, 8 दिन भर्ती रखा

भगवती श्रीवास्तव (85) ने बताया कि उन्हें घुटनों और हाथ-पैर में दर्द के साथ बीपी की शिकायत थी। उन्हें अस्पताल में आठ दिन रखा गया।

### सांस की बीमारी, बढ़ी मुश्किल से छुट्टी दी

मातादीन राजपूत (70) को सांस की बीमारी थी। सुबह चाय और खाने में एक समय सामान्य भोजन दिया जाता था। काफी मुश्किल से छुट्टी मिली।

### अस्पताल में इलाज के बाद भी फायदा नहीं

जशोदाबाई केवट को घुटने में दर्द और कम सुनाई देने की शिकायत है। उनका कहना है कि इलाज के बाद भी उन्हें लाभ नहीं मिला।

### जांच करवाई जाएगी, गड़बड़ी पर कार्रवाई होगी

एक साथ इतने मरीजों को ले जाना और छोड़कर जाना कई सवाल पैदा करता है। इसकी जांच कराएंगे। यदि गड़बड़ी पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी।–**दिनेश खत्री,**

## मुरैना में सुबह से तेज बारिश, बाजरा-मूंग की फसलों को राहत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

मुरैना में बुधवार सुबह से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को इससे राहत मिली। लगातार बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया और उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

इस बार जिले में मानसून कमजोर रहा है। 1 जून से 24 अगस्त तक मुरैना में 358.3 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में काफी कम है। बुधवार की बारिश से बारिश के आंकड़े में सुधार की उम्मीद है।

### बाजरा-मूंग की फसलों को राहत

बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के लिए भी बुधवार की बारिश राहत लेकर आई है। जिले में इस समय बाजरा, मूंग सहित सीजन की अन्य फसलें खेतों में हैं। बारिश से इन फसलों को नमी मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण किसान फसलों को लेकर चिंतित थे। मौसम विभाग के वैज्ञानिक हरविन्द्र सिंह तोमर के अनुसार, बुधवार को जिले में अच्छी बारिश होने के आसार हैं। बारिश का दौर गुरुवार को भी बना रह सकता है।

# अमेरिकी इंटेलिजेंस एजेंसी के चीफ की रूस में सीक्रेट लैंडिंग



अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीएआई के डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ मॉस्को पहुंचे हैं। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, वह अमेरिकी वायुसेना के सी-17 ग्लोबमास्टर से मॉस्को गए और वहां अधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। यह सीएआई चीफ बनने के बाद रैटक्लिफ की रूस की पहली यात्रा है।

रैटक्लिफ के रूस दौरे की पहले कोई घोषणा नहीं की गई थी। अमेरिकी सैन्य विमान के मॉस्को पहुंचने के बाद उनकी यात्रा की खबर सामने आई। इससे पहले रूसी अधिकारियों ने कहा था कि उन्हें सी-17 ग्लोबमास्टर की मॉस्को यात्रा की जानकारी नहीं है। अमेरिकी सरकार ने भी अभी इस दौरे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, अमेरिकी वायुसेना का सी-17 पहले अमेरिका से लातविया की राजधानी रीगा पहुंचा। इसके बाद विमान मंगलवार सुबह करीब 9 बजे मॉस्को के लिए रवाना हुआ और व्नुकोवो एयरपोर्ट पर उतरा। यह विमान कॉल साइन से उड़ रहा था। इसकी उड़ान की एक खास बात यह थी कि विमान रूस के हवाई क्षेत्र से होकर मॉस्को पहुंचा।

अमेरिकी सैन्य विमान के इस रास्ते से उड़ान भरने के लिए रूसी अधिकारियों की मंजूरी जरूरी होती है। हालांकि, रूसी अधिकारियों ने कहा है कि उन्हें इस विमान की मॉस्को यात्रा की जानकारी नहीं थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, रैटक्लिफ मॉस्को में बैठकों के लिए गए हैं। हालांकि, वह किन रूसी अधिकारियों से मिल रहे हैं और किन मुद्दों पर बातचीत हो रही है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। उनका दौरा ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका और रूस के बीच यूक्रेन युद्ध खत्म कराने की कोशिशें फिलहाल आगे नहीं बढ़ रही हैं। दोनों देशों के बीच युद्ध खत्म करने को लेकर कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई अंतिम समझौता नहीं हो पाया है। ऐसे में सीआईए चीफ का सीधे मॉस्को पहुंचना और रूसी अधिकारियों से बैठक करना अहम माना जा रहा है।

# ट्रम्प कनाडा से जुड़ी झील का नाम बदल सकते हैं, कहा- लेक ओंटारियो का नाम लेक अमेरिका करने की सोच रहा




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा से जुड़े लेक ओंटारियो का नाम बदलने की बात कही है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि वे इसका नाम बदलकर लेक अमेरिका रखने पर विचार कर रहे हैं।

लेक ओंटारियो अमेरिका और कनाडा की सीमा पर स्थित है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है, जब दोनों पड़ोसी देशों के बीच टैरिफ को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है। दोनों ने एक-दूसरे पर 50% टैरिफ लगा दिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, लेक ओंटारियो का नाम बदलने को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है और न ही औपचारिक प्रक्रिया शुरू की गई है। लेक ओंटारियो उत्तरी अमेरिका की पांच बड़ी झीलों यानी ग्रेट लेक्स में से एक है। यह अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य और कनाडा के ओंटारियो प्रांत के बीच स्थित है। झील के एक तरफ अमेरिकी क्षेत्र है, जबकि दूसरी तरफ कनाडा का ओंटारियो प्रांत है। कनाडा का बड़ा शहर टोरंटो भी इसी झील के किनारे बसा है। यह झील दोनों देशों के लिए पीने के पानी, सामान की आवाजाही, मछली पालन और पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण है। सेंट लॉरेंस नदी के जरिए यह अटलांटिक महासागर से जुड़ती है, इसलिए यह बड़े जलमार्ग और व्यापारिक नेटवर्क का भी हिस्सा है। झील की देखभाल और पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अमेरिका और कनाडा लंबे समय से मिलकर काम करते हैं। दोनों देशों के बीच ग्रेट लेक्स वाटर क्वालिटी एग्रीमेंट भी है, जिसके तहत ग्रेट लेक्स के पानी और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए दोनों देश सहयोग करते हैं।







### भागवत अमेरिका में, 29 को मेडिसन स्क्वेयर में कार्यक्रम

# यॉर्क मेयर ममदानी बोले- आरएसएस की रैली को समर्थन नहीं, बांटने वाली विचारधारा का विरोध

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

आरएसएस चीफ मोहन भागवत मंगलवार को न्यूयॉर्क पहुंचे। यह उनके 17 दिन के तीन देशों के दौरे का पहला पड़ाव है। न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर भारतीय महिलाओं ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। भागवत का यह दौरा फ्रर के शताब्दी वर्ष के ग्लोबल आउटरीच कार्यक्रम के तहत हो रहा है। आरएसएस के 100 साल पूरे होने के मौके पर देश-विदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अमेरिका के बाद भागवत कनाडा और ब्रिटेन जाएंगे।

संघ के मुताबिक, इस दौरान वह भारतीय मूल के लोगों और स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क के मेडिसन स्क्वायर गार्डन में यूनिवर्सल वननेस कार्यक्रम में शामिल होंगे। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने भागवत के दौरे को लेकर कहा कि मैं फ्रर के कार्यक्रम का समर्थन नहीं करता। बांटने वाली विचारधारा का विरोध करता हूं। मेडिसन स्क्वायर गार्डन में यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड



डायलॉग फोरम कर रहा है। कार्यक्रम में भागवत का संबोधन भी होगा। यह कार्यक्रम रक्षाबंधन के मौके पर आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों के मुताबिक, कार्यक्रम में रक्षाबंधन की पारंपरिक भावना को एकता, नागरिक जिम्मेदारी और वैश्विक सद्भाव के संदेश से जोड़ा जाएगा। इसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। अलग-अलग धर्मों और समुदायों से जुड़े लोग भी शामिल होंगे।

## न्यूयॉर्क मेयर ममदानी बोले- किसी को बाहर रखने वाली विचारधारा के खिलाफ

भागवत के कार्यक्रम से पहले न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने कहा कि वह फ्रर की इस रैली का समर्थन नहीं करते। जब ममदानी से पूछा गया कि क्या फ्रर का कार्यक्रम रद्द किया जाना चाहिए, तो उन्होंने कहा- मुझे नहीं पता कि किसी निजी कार्यक्रम को रद्द करने का अधिकार शहर के पास है या नहीं। ममदानी ने कहा- मैं न्यूयॉर्क का पहला भारतीय-अमेरिकी मेयर हूं। मेरे परिवार ने मुझे बहुलवादी और धर्मनिरपेक्ष भारत की तस्वीर दिखाई, जहां हर व्यक्ति के लिए जगह है। किसी को बाहर रखने वाली विचारधारा का मैं विरोध करता हूं। न्यूयॉर्क भी हर रंग, धर्म और पृष्ठभूमि के व्यक्ति को बराबर जगह देने में विश्वास करता है।

## अमेरिकी आयोग ने आरएसएस पर बैन की मांग की थी

भागवत के अमेरिका दौरे से पहले अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने आरएसएस पर बैन लगाने की मांग की है। आयोग ने 19 अगस्त को अमेरिकी सरकार से आरएसएस नेताओं को हाई लेवल राजनयिक सुविधाएं नहीं देने और उनसे आधिकारिक मुलाकात नहीं करने की अपील भी की। भारत ने इन टिप्पणियों पर आपत्ति जताई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 20 अगस्त को आयोग को पक्षपाती संस्था बताया था। उन्होंने कहा कि लंबे समय से भारत को लेकर गलत और भड़काऊ बयान देता रहा है, इसलिए उसकी बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है।

### 13 दिन से जारी था आंदोलन

# महाराष्ट्र के आदिवासी हॉस्टल में 30 साल उम्र सीमा खत्म

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने आदिवासी हॉस्टल में रहने के लिए 30 साल की उम्र सीमा खत्म कर दी है। आदिवासी विकास मंत्री अशोक उईके ने मंगलवार को बताया कि सीएम देवेंद्र फडणवीस की मंजूरी के बाद 14 अगस्त का सरकारी प्रस्ताव और उससे जुड़े संशोधित नियम वापस ले लिए गए हैं। यह फैसला राहुल गांधी के पुणे में हुए छात्रों की गूंज कार्यक्रम के 3 दिन बाद आया। कार्यक्रम में एक छात्रा ने हॉस्टल के नए नियमों और दूसरी दिक्कतों का मुद्दा उठाया था। उसने लंबी छुट्टी के बाद हॉस्टल लौटने वाली छात्राओं से प्रेग्नेंसी टेस्ट कराने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था।

महाराष्ट्र सरकार ने 5 अगस्त को आदिवासी हॉस्टल के लिए नए नियम लागू किए थे। इसमें हॉस्टल में रहने के लिए अधिकतम उम्र 26 साल तय की गई। बाद में 14 अगस्त को सरकार ने नियम बदलकर उम्र सीमा 26 से बढ़ाकर 30 साल कर दी थी। इसके बाद छात्रों का विरोध शुरू हुआ।

पुणे के मांजरी स्थित आदिवासी हॉस्टल में आदिवासी छात्रों का आंदोलन 13 अगस्त से शुरू हुआ था। पहले छात्रों ने धरना शुरू किया और



बाद में कुछ छात्र अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। आंदोलन में बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए। भूख हड़ताल के दौरान कुछ छात्रों की तबीयत बिगड़ने की भी जानकारी सामने आई थी। छात्रों की मुख्य मांगों में 30 साल की उम्र सीमा खत्म करना, हॉस्टल की सुविधाओं में सुधार और आदिवासी छात्रों से जुड़े पुराने मुद्दों का समाधान शामिल था। छात्रों का कहना था कि 30 साल की सीमा उन आदिवासी छात्रों को हॉस्टल से बाहर कर देगी, जो देर से पढ़ाई शुरू करते हैं या 30 साल के बाद उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

## राहुल ने कहा था- अपने प्रदर्शन में मुझे क्यों नहीं बुलातीं?

पुणे के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के दौरान एक आदिवासी छात्रा ने राहुल गांधी से आंदोलन को लेकर बात की थी। राहुल ने उससे कहा- अपने प्रदर्शन में मुझे क्यों नहीं बुलातीं? मैं वहां आऊंगा तो प्रशासन पर थोड़ा और दबाव बढ़ जाएगा। इस पर छात्रा ने हॉस्टल में छात्राओं के साथ होने वाली व्यवस्था को लेकर अपनी शिकायत बताई। उसने कहा कि गड़चिरौली में जब छात्राएं एक महीने से ज्यादा समय के लिए घर जाती हैं और वापस लौटती हैं, तो उनसे प्रेग्नेंसी टेस्ट कराने के लिए कहा जाता है।

## इमरान के बेटे का दावा- पाकिस्तान तानाशाही की ओर बढ़ रहा

**कराची।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे सुलैमान ईसा खान ने दावा किया है कि पाकिस्तान तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने अपने पिता के लंबे समय से जेल में होने को इसका उदाहरण बताया। वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुलैमान ने कहा कि पिछले कई साल से उनके पिता के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है और इसमें सेना की बड़ी भूमिका है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में इमरान खान की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चर्चा की गई। सुलैमान के साथ उनके भाई कासिम खान, अंतरराष्ट्रीय वकील जेरेड जेनसर और अंतरराष्ट्रीय मामलों तथा मीडिया के सलाहकार सैयद बुखारी भी शामिल हुए। इमरान के बेटों ने कहा कि वे जेल में बंद अपने पिता से मिलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोशिशें लगातार नाकाम हो रही हैं। उनका कहना है कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनके वीजा आवेदन को बार-बार टाला या खारिज किया है।

## अमेरिका के मोंटाना में परिवार के 8 लोगों की हत्या, मृतकों में 4 बच्चे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिका के मोंटाना के बिलिंग्स शहर में रविवार शाम एक परिवार के 8 लोगों की हत्या कर दी गई। घटना उस समय हुई जब परिवार के लोग एक साथ डिनर कर रहे थे। आरोपी ने सबको गोली मारने के बाद घर में आग लगा दी। फिर खुद को भी शूट कर लिया।

आरोपी के अलावा मरने वाले लोग एक ही परिवार की चार पीढ़ियों से थे। इनमें 4 बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, उन्हें रविवार शाम करीब 6 बजे घर से गोली चलने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के पीछे से गोलियों की आवाज आ रही थी। घर के बाहर एक व्यक्ति घायल मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वही इस घटना का संदिग्ध माना जा रहा है। घटना के दौरान 911 पर पुलिस को घर में गोली चलने और एक बच्चे के बेहोश होने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर दमकल की गाड़ियां भेजी गईं। कुछ देर बाद एक और फायर इंजन भेजने को कहा गया।

# गडकरी बोले- नई पीढ़ी को जिम्मेदारी देने का समय

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागपुर**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के 'जिम्मेदारी नई पीढ़ी के हाथों में सौंपने' वाले बयान पर मंगलवार को सफाई आई। गडकरी के ऑफिस ने कहा, 'उन्होंने अपने लक्ष्मणराव मानकर ट्रस्ट से जुड़े सामाजिक कार्यों की जिम्मेदारी नई पीढ़ी को सौंपने की बात कही थी।'

ऑफिस ने कहा कि उनके बयान का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। दरअसल, कई मीडिया रिपोर्ट्स में गडकरी के इस बयान को उनके राजनीति से रिटायरमेंट लेने से जोड़ दिया गया था।

गडकरी का यह बयान 23 अगस्त का है। उन्होंने पुणे के काटोल में कहा था, ह्यअब ज्यादा काम नहीं कर सकता। जब कर सकता था, तब किया। नई पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए। नितिन 37 साल से ज्यादा राजनीति में हैं। पिछले 12 साल से मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। इनके पास सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय है।

अब मेरा काम में दखल कम हो गयाः



नागपुर के 'एकलव्य एकल विद्यालय शिक्षक-पर्यवेक्षक प्रशिक्षण वर्ग' के कार्यक्रम में 23 अगस्त को गडकरी ने कहा, ' मैं ज्यादा काम नहीं कर पाता। जब कर सकता था, तब किया। अब मेरा काम में दखल कम हो गया है।'

मैं रोज सुबह उठकर ढाई घंटे एक्सरसाइज और प्राणायाम करता हूं। मेरा ट्रेनर मुझसे वर्कआउट करवाता है। युवाओं को भी रोज कम से कम आधा घंटा व्यायाम और प्राणायाम करना चाहिए मेरा जीवन पहले बहुत अनियमित था। हम भावुक होकर साइकिल और स्कूटर से पार्टी के काम के लिए निकल पड़ते थे। उस समय हमारी पहचान के एक व्यक्ति के पास एम्बेसडर कार थी। जब भी पार्टी के बड़े नेता एयरपोर्ट आते थे, तो उनके आने-जाने की व्यवस्था हो सके, इसलिए हमने उस कार मालिक को ही पार्टी अध्यक्ष बना दिया था।

लक्ष्मणराव मानकर स्मृति संस्था नागपुर की एक सामाजिक संस्था है। मुख्य रूप से आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है। संस्था एकल विद्यालय चलाती है। ट्रस्ट की अपनी वेबसाइट के मुताबिक, इसे नितिन गडकरी ने स्वर्गीय लक्ष्मणराव मानकर गुरुजी की स्मृति में स्थापित किया था।

# काशी में 84 घाट डूबे, 5 हजार दुकानें बंद, 50 हजार लोग बाढ़ से घिरे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

यूपी में लगातार हो रही मानसूनी बारिश से हालात बिगड़ने लगे हैं। काशी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से 84 घाट डूब गए हैं। घाट के किनारे स्थित करीब 5 हजार दुकानें बंद करनी पड़ीं।

बिहार के बेगूसराय में गंगा उफान पर है। नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। 50 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। मौसम विभाग ने 21 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। मध्य प्रदेश में पूर्वी हिस्से के बाद अब उत्तरी, पश्चिमी और मध्य हिस्सों में मानसून एक्टिव होगा। मौसम विभाग ने अगले 2 दिनों तक भोपाल, उज्जैन, सागर, ग्वालियर और चंबल संभाग के 21 जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। हिमाचल प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ गया है। प्रदेश के ऊपर फिलहाल न तो ह्यमानसून ट्रफह्न सक्रिय है और न ही वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव है। इसके चलते अगले 72 घंटे के दौरान भी राज्य



के अधिकांश हिस्सों में बारिश के आसार नहीं हैं पंजाब के 9 जिलों में आज बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के अधिकतम तापमान में मंगलवार के मुकाबले कोई बदलाव नहीं हुआ है छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटे भी बारिश का दौर जारी रहेगा। कुछ इलाकों में भारी बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने का अलर्ट है। इसके बाद बारिश की गतिविधियां कम होने की संभावना है उत्तराखंड के सभी जिलों में आज हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, देहरादून, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।



■ वर्ष-12 अंक-293 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

ॐ असतो मा सद्गमय।
तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योमार्मृतं गमय।।

**भावार्थ** : हे प्रभु! हमें असत्य से सत्य की ओर ले चलो, अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो, मृत्यु से अमरत्व की ओर ले चलो।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 26 अगस्त, 2026

**तर्कविहीनो वैद्यः लक्षण हीनश्च पण्डितो लोके।**
**भावविहीनो धर्मो नूनं हस्यन्ते त्रीण्यपि।।**

**भावार्थ** : बिना तर्क के वैद्य, बिना लक्षण के विद्वान और भावना के बिना धर्म झ वे निश्चित रूप से दुनिया में हंसने योग्य हो जाते हैं।

## सर्वकारेण गम्भीरतापूर्वकं विचारः करणीयः इति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

अभियुक्तस्य च मध्ये साझां भवति, न तु कस्यापि तृतीयपक्षस्य सह इति टिप्पणीं कृत्वा। न्यायाधीशः सूर्यकान्तः अवदत् यत् राममन्दिरस्य चोरीप्रकरणस्य अन्वेषणं कुर्वन् विशेषानुसन्धानदलः सर्वोच्चन्यायालयेन गठितः; अतः एसआईटी न्यायालयस्य प्रति उत्तरदायी भवति। सर्वोच्चन्यायालयेन अवलोकितं यत् सर्वे पक्षाः एसआईटी-अनुसन्धानसम्बद्धानि सुझावानि तुषारमेहता-महोदयाय प्रस्तूयन्ते, तेषु सर्वकारेण गम्भीरतापूर्वकं विचारः करणीयः इति। यदा याचिकाकर्तांः एसआईटी-संस्थायाः स्थितिप्रतिवेदनं सार्वजनिकं कर्तुं आग्रहं कृतवन्तः, तदा सर्वोच्चन्यायालयेन एतत् अनुरोधं अङ्गीकृत्य।

## सम्पादकीयम्

### अति-व्यक्तिगतं वातालापं कुर्वन्ति

प्रसिद्धस्य शोधकर्तुः जेफ्री हैनकॉक इत्यस्य मते जनाः प्रायः साक्षात्कारस्य तुलने डिजिटलमाध्यमेन सन्देशं प्रेषयन्ते सति गहनतरं, अति-व्यक्तिगतं वातालापं कुर्वन्ति यतो हि लेखनेन अस्मान् सम्यक शब्दान् चिन्तयितुं, संसाधितुं, चयनं च कर्तुं प्रचुरं समयं ददाति- प्रतिबिम्बकालः इति प्रसिद्धः अवधिः। दम्पती प्रायः शयने शयनं कुर्वन् अटपटे मौनं अनुभवन्ति; दिवसस्य श्रान्तता, कार्यालयस्य तनावः, घरेलुचिन्ताः च पृष्ठभूमिसङ्गीतवत् तेषां मनसः पृष्ठभागे क्रीडन्ति। एतादृशेषु क्षणेषु आत्मीयतायाः मनोदशायां प्रवेशः कठिनं कार्यं इव अनुभूयते। तथापि दूरभाषस्य जगत् जीवन्तं रङ्गिणं च अस्ति। यदि भवतः शब्दानां अभावः अस्ति चेदपि भवतः निजनिग्रहे उष्ण-मलिन-वार्ता, विडियो, इमोजी-इत्यादीनां सम्पूर्णं सरणी अस्ति। दम्पत्योः मनसि भवति यत एतेषां दृश्यानां ग्रन्थेषु उपयोगेन तेषां मध्ये शारीरिकं मानसिकं च अन्तरं अधिकरोमाञ्चकारी, मसालेदारं च प्रकारेण सेतुम् अकुर्वन्। अन्यत् कठिनं सत्यं भवति यत् दम्पत्योः शय्याकक्षे शरीरस्य प्रतिबिम्बस्य, प्रदर्शनस्य च विषये यत् अवाच्यः दबावः भवति। किञ्चित् बहिः उदरं, अव्यवस्थितकेशाः, श्रान्तं मुखं, तनावस्य कारणेन मनोदशायाः अभावः वा–एतानि सर्वाणि वस्तूनि व्यक्तिं स्वशरीरस्य विषये आत्मविवेकं कर्तुं शक्नुवन्ति यदा भवतः आत्मनः विषये विश्वासः नास्ति तदा मुक्ततया प्रेम्णः।

### इन्दौरनगरे संचालितस्य कथितस्य नकलीकॉलसेन्टरस्य

# अभियुक्तः डिजिटलविपणनस्य निवेशसम्बद्धस्य च कार्यस्य आडम्बरेण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

इन्दौरनगरे संचालितस्य कथितस्य नकलीकॉलसेन्टरस्य अपि अन्वेषणं पुलिसं कुर्वती अस्ति। अभियुक्तः डिजिटलविपणनस्य निवेशसम्बद्धस्य च कार्यस्य आडम्बरेण बेरोजगारयुवानां नियुक्तिं कृतवान्। ततः तेषां प्रशिक्षणं कृत्वा साइबरअपराधकार्यक्रमेषु प्रयुक्तानां खातानां, जालपुटानां च प्रबन्धनं कृतम्। अधुना पुलिसाः आह्वानकेन्द्रे सम्बद्धानां अन्येषां व्यक्तिनां भूमिकायाः अन्वेषणं कुर्वती अस्ति। अस्य केन्द्रस्य माध्यमेन कति जनाः जालपुटे नियुक्ताः, तेषां कृते कीदृशं कार्यं नियुक्तम् इति अपि ते अन्वेषयन्ति।

एतस्याः घटनायाः प्रकाशं प्राप्तस्य अनन्तरं राज्यस्य साइबरपुलिसः जालपुटे सम्बद्धानां अन्वेषणं तीव्रं कृतवान्। अस्मिन् प्रकरणे पिङ्केशस्य गृहीतत्वं तृतीयः प्रमुखः गृहीतः इति कथ्यते। इससे पूर्व शाजापुर से भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य जगदीश मालवीया को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। तदतिरिक्तं सागरतः गिरोहस्य संचालकः अंकित वर्मा गृहीतः। पिङ्केशसूर्यवंशी इत्यस्य गृहीतत्वेन कम्बोडियादेशात् संचालितस्य साइबरजालस्य भारते लिङ्कं प्राप्तुं पुलिस आशास्ति।

पुलिस-अनुसारं साइबर-धोखाधड़ी-आयातं विविध-खातेषु स्थानान्तरयितुं सुनियोजितं जालं निर्मितम्। अभियुक्तस्य भूमिका केवलं परस्परं धनं स्थानान्तरयितुं सीमितं नासीत्, परन्तु बैंकखातानां स्थापनायाः, तेषां संचालनस्य, विभिन्नस्तरस्य धनस्य स्थानान्तरणस्य च



सम्पूर्णा प्रक्रिया व्यवस्थितरूपेण प्रबन्धिता आसीत् अधुना पुलिस अस्य जालस्य वित्तीयव्यवहारस्य, तकनीकीसम्बद्धानां च अन्वेषणं कुर्वती अस्ति।

राज्यस्य साइबरपुलिसस्य डीएसपी संजीवनयनशर्मा इत्यनेन उक्तं यत् सीए साइबर-धोखाधड़ी-प्रकरणे अपरं गिरफ्तारी कृता अस्ति। अभियुक्तस्य खाते १० लक्षरूप्यकाणां राशिः निक्षिप्ता आसीत्। पुलिस अभियुक्तस्य प्रश्नोत्तरं कृत्वा तस्य माध्यमेन अन्येषां व्यक्तिनां, जालपुटेन सह सम्बद्धानां खातानां च विषये सूचनां संग्रहयति।

कम्बोडियादेशे स्थितानां गिरोहसदस्यानां भारते कार्यं कुर्वतां तेषां संचालकानाञ्च मध्ये संचारसाधनानाम् अन्वेषणं अपि अन्वेषणसंस्थाः कुर्वन्ति। एपीके सञ्चिकानां, संदिग्धमोबाईल-अनुप्रयोगानाम् उपयोगेन सह सम्बद्धानां तकनीकीपक्षेषु अपि अन्वेषणं क्रियते।

पुलिस आशास्ति यत् पिङ्केशस्य प्रश्नोत्तरेण साइबर-धोखाधड़ी-आयस्य प्रवाहस्य, खच्चर-खातानां जालस्य, नकली-कॉल-केन्द्रे सम्बद्धानां व्यक्तिनां च विषये महत्त्वपूर्ण-सूचनाः प्रकाशिताः भविष्यन्ति।

21 कोटिभ्यः अधिकं धनं सम्मिलितं कृत्वा अयं साइबर-धोखाधड़ी पुनः एकवारं प्रकाशितवान् यत् अन्तर्राष्ट्रीयसाइबर-दलाः भारते स्थानीयजालस्थापनं कुर्वन्ति तथा च विविध-खातानां माध्यमेन धोखाधड़ी-निधि-प्रक्षालनस्य प्रयासं कुर्वन्ति। राज्यस्य साइबरपुलिसस्य नवीनतमकार्याणि अस्मिन् जालपुटे अनेकाः प्रमुखाः कडिः प्रकाशिताः। अधुना कम्बोडियादेशे स्थितानां मास्टरमाइण्ड्-जनानाम् समीपं गन्तुं भारते संचालितस्य सम्पूर्णस्य जालस्य उद्घाटनं कर्तुं च अन्वेषणं केन्द्रितम् अस्ति।

### भावनगरस्य एषा घटना पुनः

## अवैधस्य, असत्यस्य च मद्यव्यापारस्य खतरनाकं स्वरूपं प्रकाशितवती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

यतो हि अन्वेषणेन मध्यप्रदेशे उज्जैन-इन्दौर-योः नाम ज्ञातम् अस्ति, अतः गुजरातपुलिसस्य कार्यवाहीयाः व्याप्तिः अन्यराज्येषु अपि विस्तारितुं शक्नोति। मुख्य अभियुक्त रायश का गिरफ्तारी एतत् अन्वेषणस्य महत्त्वपूर्णं सफलतां मन्यते। तस्य माध्यमेन पुलिसैः नकलीमद्यस्य आपूर्तिः, निमार्णं, वितरणं च सम्बद्धानां अन्येषां विषये सूचनाः संग्रहीतुं प्रयतते।

एतस्य घटनायाः अनन्तरं प्रशासनेन जनसामान्यं प्रति अपि सतर्काः भवन्तु इति आह्वानं कृतम् अस्ति। ये जनाः अद्यैव शङ्कितं मद्यपानं कृतवन्तः इति कथितं तेषां स्वास्थ्यलक्षणं भवति चेत् तत्क्षणमेव चिकित्सां कर्तुं आग्रहः कृतः। विशेषज्ञाः वदन्ति यत् मेथानोल्-रोगेण प्रभावितः व्यक्तिः शीघ्रं क्षीणः भवितुम् अर्हति, अतः चिकित्सायाः विलम्बः घातकः भवितुम् अर्हति।

भावनगरस्य एषा घटना पुनः अवैधस्य, असत्यस्य च मद्यव्यापारस्य खतरनाकं स्वरूपं प्रकाशितवती अस्ति। अष्टानां जनानां मृत्योः, दर्जनशः जनानां चिकित्सालये प्रवेशः च यत्र परिवारेषु दुःखं चिन्ता च जनयति, तत्र पुलिस-प्रशासनयोः समक्षं सम्पूर्णं जालपुटं उजागरयितुं आव्हानं वर्तते। सम्प्रति २१ अभियुक्तानां विरुद्धं प्रकरणं पञ्जीकृतम् अस्ति, १३ अभियुक्ताः च गृहीताः सन्ति। षट् पुलिसाधिकारिणः अपि निलम्बिताः सन्ति। यथा यथा अन्वेषणं प्रगच्छति तथा तथा अस्मिन् जालपुटे सम्बद्धाः अन्ये व्यक्तिः, नकलीमद्यस्य सम्पूर्णा आपूर्तिशृङ्खला च प्रकाशिताः भविष्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : धन का आगमन होगा। ऑफिस में अपना बेस्ट देने के लिए लगन से काम करें। लाइफस्टाइल से समझौता न करें।

**वृषभ** : स्ट्रैटजी के साथ वृषभ राशि वाले चुनौतियों को रोमांचक अवसरों में बदल सकते हैं।

**मिथुन** : आज आपकी एनर्जी हाई रहेगी। बातचीत में उम्मीद से ज्यादा कुछ पता चल सकता है। इसलिए ध्यान से सुनें।

**कर्क** : स्वाभाव और भावना बातचीत और विकल्पों का मार्गदर्शन करती है। अच्छे कनेक्शन और प्रगति का मार्ग बना सकती है।

**सिंह** : परिणामों को अपने लिए बोलने दें। सिंह राशि वालों के लिए संतुलित दृष्टिकोण और क्रिएटिविटी से समृद्ध दिन होगा।

**कन्या** : आत्मविश्वास से भरे निर्णय लेने से विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। कमिटमेंट मैनेजमेंट का ध्यान आकर्षित करेगी।

**तुला** : वित्तीय समृद्धि लग्जरी की वस्तुएं खरीदने की अनुमति देती है। स्वास्थ्य आपको कोई परेशानी नहीं देगा।

**वृश्चिक** : आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। आज के दिन बड़े वेल्थ इन्वेस्टमेंट करें लेकिन रिस्क न लें।

**धनु** : चुनौतियों के लिए पॉजिटिव दृष्टिकोण रचनात्मक परिणामों का मार्ग प्रशस्त करता है।

**मकर** : जबकि बातचीत कॉन्फिडेंस को मोटिवेट करती है। आज के दिन अपनी लव लाइफ में खुश रहें।

**कुंभ** : कुंभ राशि के जातकों के लिए आज दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। क्रिएटिव विचार नए रास्ते खोलते हैं।

**मीन** : धन की वर्षा होगी। अपने प्रेम जीवन को वाद-विवाद से दूर रखें और रिश्ते में सुखद पल भी साझा करें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 31 अगस्त से इन 5 राशियों की चमकेगी किस्मत, करियर-धन में लाभ के योग

31 अगस्त 2026 को सूर्य पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र को आकर्षण, रचनात्मक प्रतिभा, मनोरंजन, सामाजिक मेलजोल और भौतिक सुखों से संबंधित माना जाता है। आइए जानते हैं किन राशियों को इस अवधि में लाभ मिल सकता है।

वैदिक ज्योतिष में सूर्य को आत्मबल, प्रतिष्ठा, अधिकार, नेतृत्व, पिता और सरकारी क्षेत्र से संबंधित मामलों का प्रतिनिधि ग्रह माना जाता है। 31 अगस्त 2026 को सुबह 4 बजकर 4 मिनट पर सूर्य पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इस दौरान सूर्य सिंह राशि में ही स्थित रहेंगे। पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के अधिपति शुक्र हैं, जिन्हें भौतिक सुख, संपत्ति, कला, प्रेम, सौंदर्य और विलासिता से जोड़ा जाता है।

सूर्य का शुक्र के नक्षत्र में प्रवेश होने से नेतृत्व और आत्मविश्वास के साथ सुख-सुविधा, रचनात्मकता और सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़े विषय सक्रिय हो सकते हैं। सूर्य सिंह राशि में स्थित होने के कारण अपनी प्रभावशाली स्थिति में रहते हैं। ऐसे में इस नक्षत्र परिवर्तन का असर कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ रह सकता है। पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र को आकर्षण, रचनात्मक प्रतिभा, मनोरंजन, सामाजिक मेलजोल और भौतिक सुखों से संबंधित माना जाता है। आइए जानते हैं किन राशियों को इस अवधि में लाभ मिल सकता है।



**मेष राशि–** मेष राशि के लिए सूर्य पंचम भाव में रहेंगे, जो शिक्षा, बुद्धि, संतान, प्रेम, रचनात्मकता और निवेश का प्रतिनिधित्व करता है। यह स्थिति आत्मविश्वास बढ़ाएगी और अपनी प्रतिभा साबित करने के मौके दे सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अपनी योग्यता दिखाने का अवसर मिलेगा। मीडिया, शिक्षा, मैनेजमेंट, मनोरंजन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा। प्रेम जीवन में सकारात्मक बदलाव संभव है।

**उपायः** रोज सुबह तांबे के लोटे से सूर्य देव को जल अर्पित करें।

**सिंह राशि–** सिंह राशि के जातकों के लिए यह परिवर्तन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि सूर्य उनकी ही राशि में स्थित हैं और राशि स्वामी भी हैं। पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और सामाजिक प्रभाव को मजबूत कर सकता है। नौकरी में वरिष्ठ अधिकारियों की नजर आपके प्रदर्शन पर पड़ सकती है और प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिलने के योग बन सकते हैं। सुख-सुविधाओं और सामाजिक जीवन में भी सुधार संभव है। हालांकि अहंकार और जिद से दूरी बनाए रखना जरूरी होगा।

**उपायः** प्रत्येक रविवार आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें।

**तुला राशि–** तुला राशि के लिए सूर्य 11वें भाव में रहेंगे, जो आय, लाभ, मित्रों, नेटवर्क और इच्छाओं की पूर्ति से जुड़ा है। पूर्वाफाल्गुनी के स्वामी शुक्र तुला राशि के अधिपति हैं, इसलिए यह स्थिति लाभकारी परिणाम दे सकती है। कमाई के नए रास्ते खुल सकते हैं और पुराने संपर्क आर्थिक लाभ दिला सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को वेतन वृद्धि या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रभावशाली लोगों से संपर्क बढ़ेगा और कोई पुरानी इच्छा पूरी होने की संभावना भी बनेगी।

**उपायः** रविवार को जरूरतमंदों को गेहूं और गुड़ का दान करें।

**धनु राशि–** धनु राशि के लिए सूर्य नौवें भाव में रहेंगे, जो भाग्य, धर्म, उच्च शिक्षा, पिता और लंबी यात्राओं का कारक है। इस गोचर से भाग्य का साथ मिलने के साथ वरिष्ठ लोगों का सहयोग भी प्राप्त हो सकता है। करियर में ऐसा अवसर मिल सकता है जो भविष्य में बड़ी सफलता दिलाए। सरकारी कार्यों में भी सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। पिता या किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह महत्वपूर्ण साबित होगी। धार्मिक यात्रा की योजना भी बन सकती है।

### यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स में जोकोविच-सबालेंका पहले राउंड में हार

# सेरेना-अल्कराज भी हारकर बाहर

## पति-पत्नी स्वितोलीना-मोंफिल्स सेमीफाइनल में पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

न्यूयॉर्क में खेले जा रहे वर ओपन मिक्स्ड डबल्स में नोवाक जोकोविच-आर्यना सबालेंका और सेरेना विलियम्स-कार्लोस अल्कराज की स्टार जोड़ियां खिताब की दौड़ से बाहर हो गईं। जोकोविच-सबालेंका पहले दौर में हारे, जबकि सेरेना-अल्कराज को क्वार्टर फाइनल में शिकस्त मिली। वहीं पति-पत्नी एलीना स्वितोलिना और गेल मोंफिल्स ने डबल्स के नंबर-1 कतेरीना सिइनाकोवा-हेनरी पैटेन को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। सिइनाकोवा-पैटेन ने पहले राउंड में नोवाक जोकोविच-आर्यना सबालेंका को बाहर किया

कतेरीना सिइनाकोवा और नंबर-1 पुरुष डबल्स खिलाड़ी हेनरी पैटेन ने पहले दौर में जोकोविच-सबालेंका को हराया।



मंगलवार को खेले गए मुकाबले में दोनों ने टॉप सीड जोड़ी को 1-4, 4-2 से शिकस्त दी।

सबालेंका दो बार की डिफेंडिंग वर ओपन महिला चैंपियन हैं, जबकि जोकोविच 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके हैं। दोनों को उनकी संयुक्त सिंगल्स रैंकिंग के आधार पर टूर्नामेंट में नंबर-1 सीड मिली थी। हालांकि, उनकी हार को बड़ा उलटफेर नहीं माना गया, क्योंकि सामने डबल्स के नंबर-1 खिलाड़ी थे।

**पहला सेट जीतने के बाद हारे जोकोविच-सबालेंका–** जोकोविच और सबालेंका ने मैच की अच्छी शुरूआत की। दोनों ने पहला सेट सिर्फ 12 मिनट में 4-1 से जीत लिया। दूसरे सेट में भी उन्होंने शुरूआत में बढ़त बनाई, लेकिन सिइनाकोवा और पैटेन ने वापसी करते हुए सेट 4-2 से जीत लिया। इसके बाद मुकाबला सुपर टाई-ब्रेकर में पहुंचा, जहां सिइनाकोवा-पैटेन ने 10-2 से बाजी मार ली। इस तरह पहला सेट आसानी से जीतने के बावजूद जोकोविच-सबालेंका को पहले ही मैच में हारकर टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।



### सेरेना की वापसी का सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

- 44 साल की सेरेना विलियम्स ने 2022 में टेनिस से विदाई के बाद पहली बार वर ओपन के आर्थर ऐश स्टेडियम में वापसी की। उन्होंने कार्लोस अल्कराज के साथ पहले मैच में एरिन राउटलिफ और लॉयड ग्लासपूल को 5-3, 4-1 से हराया। इस दौरान सेरेना ने 193 किमी/घंटे की रफ्तार से एस लगाया, जिस पर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने जोरदार प्रतिक्रिया दी। सेरेना ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दोबारा इस कोर्ट पर लौटूंगी। यहां होना हमेशा खास है।
- क्वार्टर फाइनल में सेरेना-अलकराज का सामना बेलिंडा बेंसिच और फ्लावियो कोबोली से हुआ। बेंसिच-कोबोली ने पहला सेट टाई-ब्रेकर में जीता और फिर दूसरा सेट 4-1 से अपने नाम कर मैच जीत लिया। कोबोली ने कहा, आर्थर ऐश पर सेरेना और कार्लोस के खिलाफ खेलना आसान नहीं है। मैं मैच से पहले भी थका हुआ था और अब भी थका हूं।

## बाबर आजम के लॉर्ड्स टेस्ट में खेलने पर सस्पेंस कायम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के लॉर्ड्स टेस्ट खेलने पर भी सस्पेंस है। पीटीआई ने टीम के करीब सूत्र के हवाले से लिखा है- बाबर की उंगली में चोट है। सूजन के कारण उन्हें बल्ला पकड़ने में परेशानी हो रही है।' वहीं, क्रिकेट वेबसाइट क्रिकइंफो ने लिखा कि वे दूसरा टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। हालांकि, बाबर गुरुवार से शुरू हो रहे इस मैच में खेलेंगे या नहीं। इसका फैसला मैच से ठीक पहले चोट की कंडीशन पर लिया जाएगा। बाबर वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बैटिंग करते समय चोटिल हुए थे। केंट में काउंटीज-11 के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान उनकी चोट दोबारा चोट लगने से उनकी परेशानी बढ़ गई। बाबर इस चोट के कारण लीड्स में हुआ पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। पाकिस्तान यह मैच तीन दिन के अंदर पारी और 103 रन से हार गया था। उनकी जगह में सलमान अली आगा ने कप्तानी की थी। सूत्र ने कहा, टीम मैनेजमेंट बुधवार को नेट्स में देखेगा कि बाबर बल्लेबाजी करने में सहज हैं या नहीं। यह ऐसी चोट है, जिसमें अंतिम फैसला खुद खिलाड़ी को ही लेना होगा।

# गावस्कर ने मैकॉय की पिच पर सवाल उठाए

## आईसीसी पर दोहरे मापदंड का आरोप, 2 दिन में खत्म हो गया था टेस्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मैकॉय



पूर्व भारतीय ओपनर सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के मैकॉय की पिच पर सवाल उठाए हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने इस मामले पर आईसीसी पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाया है।

77 साल के गावस्कर ने स्पोर्ट्स स्टार पर अपने कॉलम में लिखा- पिछले कुछ साल में ऑस्ट्रेलिया में चार टेस्ट दो दिन से कम समय में खत्म हो गए। लेकिन, आईसीसी ने इस पर आंखें बंद कर रखी हैं।

उनके अनुसार भारत में ऐसा होने पर पिच पर कार्रवाई की जाती। जबकि, ऑस्ट्रेलिया के मामले में कोई आलोचना सुनने को नहीं मिली।

दरअसल, मैकॉय में बांग्लादेश के ऑस्ट्रेलिया दौरे का दूसरा टेस्ट 2 दिन में ही समाप्त हो गया था। बांग्लादेशी टीम इस मैच की दोनों पारियों में 100 रन के अंदर ऑलआउट हो गई थी।

**पिच और ग्राउंड्समैन पर भी सवाल उठाए–** गावस्कर ने लिखा, तो ऑस्ट्रेलिया में एक और टेस्ट दो दिन के अंदर खत्म हो गया। पिछले कुछ साल में वहां ऐसा चार बार हो चुका है। फिर भी ऐसी पिचों की आलोचना सुनने को नहीं मिली, जिनमें जरूरत से ज्यादा उछाल होता है और जो ऐसे नतीजे देती हैं। गावस्कर ने लिखा, बहाने तेजी से सामने आएंगे। कहा जाएगा कि ग्राउंड्समैन, माफ कीजिए, टर्फ एग्जीक्यूटिव से गलती हो गई। मौसम के अनुमान में गर्मी बताई गई थी, इसलिए उसने थोड़ी ज्यादा घास छोड़ दी और इससे जरूरत से ज्यादा उछाल मिला। बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस की गेंद से बचते हुए।

## खबर एक नजर...

### भस्मारती से लौट रहे 2 युवक दुर्घटना में घायल

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की भस्मारती में शामिल होने के बाद मंगलवार सुबह बाइक से लौट रहे चार युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। 2 को गंभीर चोंट लगने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चरक अस्पताल में सुबह बिहार के बेगूसराय में रहने वाले विवेक कुमार पिता सुनील भदौरिया, बड़नगर निवासी कृष्णा पिता जगदीश सुमन, नितेश पिता ओमप्रकाश शर्मा और एक अन्य को लाया गया था। विवेक और कृष्णा को गंभीर चोंट होने पर उन्हे निजी अस्पताल ले जाया गया। 2 को प्राथमिक उपचार दिया गया। बताया जा रहा था कि चारों बड़नगर से बाबा महाकाल की भस्मारती में शामिल होने आये थे। मंदिर से वापस बाइक पर सवार होकर बड़नगर लौट रहे थे। उसी दौरान हरिफाटक ब्रिज पर तेजगति से आई तूफान गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना के बाद चालक तूफान लेकर मौके से भाग निकला था। पुलिस द्वारा घायलों के बयान दर्ज कर मामले में जांच की बात कहीं गई है।

### रुपए नहीं दिये तो 2 बदमाशों ने युवक को चाकू मारा

**उज्जैन।** लोहे का पुल कोट मोहल्ला में रहने वाला फरहान पिता शाकीर कुरैशी 18 साल सोमवार रात 11.30 बजे खाराकुआ क्षेत्र से पैदल घर की ओर लौट रहा था। उसे 2 बदमाशों ने रोका और शराब पीने के लिये एक हजार रुपए मांगने लगे। फरहान ने रुपए देने से मना किया तो बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी। उसने मोबाइल निकालकर पुलिस को कॉल करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया और चाकू मारकर भाग निकले। खाराकुआ थाना पुलिस ने मामले में घायल हुये फरहान की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और पहचान के प्रयास शुरू किये। बदमाश शाहदत उर्फ फैजान हुसैन और अदनान उर्फ अद्दू होना सामने आये। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम को शाहदत हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ कर दूसरे बदमाश की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### ब्रिज के नीचे चाकू लेकर घूम रहा था बदमाश

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के पांड्याखेड़ी ब्रिज के नीचे नाग महाराज मंदिर के पास एक बदमाश चाकू लेकर घूम रहा था। जिसे देखकर लोगों में दहशत फैल रही थी। कुछ लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। प्रधान आरक्षक मंगल टैगोर टीम के साथ ब्रिज के नीचे पहुंचे और घेराबंदी कर बदमाश को हिरासत में लिया। जिसके पास से धारदार तड़तडीदार चाकू बरामद किया गया। प्रधान आरक्षक टैगोर के अनुसार बदमाश नागदा की जबरन कालोनी शहनवाज उर्फ शानू पिता सलीम खान है। जिसके खिलाफ पूर्व में भी अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

### 14 वर्षीय बालिका को मृत अवस्था में लाये अस्पताल

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम बनबना से मंगलवार शाम 14 वर्षीय बालिका निशा पिता विक्रम को परिवार के लोग चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित करते हुये शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाया। बताया जा रहा था कि बालिका ने जहरीला पदार्थ खाया था। मामले की सूचना ड्युटी कंपाउंडर द्वारा कोतवाली थाना पुलिस को दी गई है। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। मर्ग डायरी जांच के लिये इंगोरिया थाना पुलिस को सौंपी जायेगी। फिलहाल बालिका के जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है।

### छात्रावास में 12 वीं की छात्रा को बिच्छू ने काटा

**उज्जैन।** मक्सीरोड स्थित बजरंग नगर में रहने वाले विक्रमसिंह अहिरवार की 17 वर्षीय पुत्री अंजली पानबिहार स्थित शासकीय बालिका छात्रावास में रहकर 12 वीं का अध्ययन कर रही है। शाम को हुई बारिश के बाद वह अन्य छात्राओं के साथ छात्रावास परिसर में टहल रही थी, उसी दौरान उसे बिच्छू ने काट लिया। बिच्छू को देख अन्य छात्राएं दहशत में आ गई। छात्रावास अधिकारियों को खबर मिली तो बालिका को उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। छात्रा के परिजन खबर मिलने पर अस्पताल पहुंच गये थे। डॉक्टरों ने छात्रा को उपचार के लिये भर्ती किया है, उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। मंगलवार शाम एक मामला पंवासा क्षेत्र से सामने आया, लता पति अरविंद 28 साल को चरक अस्पताल लाया गया, उसे सांप ने डंस लिया था, जिसकी उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी।

### शहीद राजगुरु जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**उज्जैन।** शहर जिला (ग्रामीण) कांग्रेस सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में शहीद राजगुरु जी की जयंती के अवसर पर शहर कांग्रेस कार्यालय क्षीरसागर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण कार्यक्रम के तहत मेरा देश मेरा गौरव तले विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया इस अवसर पर जिला (ग्रामीण) कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉ. चैन सिंह चौधरी, शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कुलदीप सिंह जाट ,शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस सेवादल सीमा पटेल, राजेंद्र चंदेल,लीलाबाई चौहान, मुस्कान चौहान, पलक चौहान, श्यामू बहन चौहान, सीमा सेंगर, भंवर बाई पंवार, गोकुल परिहार, हुकुम सिंह आंजना, पार्वती फूलेरिया, आदि लोग उपस्थित थे।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 470-1 | 179-7 |
| मेन बाजार | 389-0 | 390-2 |
| मिलन डे | 170-8 | 280-0 |
| मिलन नाइट | 249-5 | 569-0 |

1 3 7

---

महाकाल मंदिर क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदात करने वाले 2 बदमाशों को पुलिस ने लिया हिरासत में

# तराना-घट्टिया के बदमाशों की निशानदेही पर 7 बाइक बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदात करने वाले 2 बदमाशों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों की निशानदेही पर 7 बाइक बरामद की गई है। 2 बाइक पिछले दो दिनों में चोरी की थी। बुधवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश किया जायेगा।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सोमवार को इंदौर स्थित क्षिप्रा से मनोहर परमार पुत्र के साथ महाकाल की सवारी में शामिल होने आया था। उसने अपनी बाइक कार्तिक मेला ग्राउंड में खड़ी की थी। शाम को उसकी बाइक चोरी होना सामने आया था। श्रद्धालु की बाइक



### चोरी के बाद आसपास छुपाते थे बाइक

पुलिस पूछताछ में पता चला कि बाइक चोरी करने के बाद वह पहले आसपास के क्षेत्र में छुपा देते थे, उसके कुछ दिन बाद उसे अपने साथ ले जाते थे। महाकाल थाना क्षेत्र से चुराई दोनों बाइक भी बदमाशों ने रंजीत हनुमान मंदिर क्षेत्र के सूनसान स्थान पर छुपाई थी। पुलिस दोनों के अपराधिक रिकार्ड भी पता कर रही है।

चोरी होने पर बदमाशों का पता लगाने के लिये एसआई चंद्रभानसिंह, एएसआई रेणुका मिश्रा, प्रधान आरक्षक मनीष यादव, सुनील पाटीदार, मुनेंद्रसिंह भदौरिया को कमान सौंपी गई। मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया और कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये गये। मंगलवार सुबह खबर मिली कि बाइक चोरी में शामिल एक बदमाश कर्कराज पार्किंग के पास खड़ा है, संभवतः वह चोरी की फिराक में है। तत्काल पुलिस टीम ने घेराबंदी की और संदेही को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसका नाम विशाल पिता ईश्वरसिंह 21 साल निवासी खेरखेड़ी घट्टिया सामने आया। उससे बाइक चोरी के संबंध में सख्ती से पूछताछ शुरू की गई तो उसने बाइक चोरी करना कबूल लिया, उसने बाइक चोरी में मंजूर पिता शहजाद खान निवासी बिछडोद तहसील तराना के शामिल होने की जानकारी दी। पुलिस ने मंजूर की तलाश कर उसे भी हिरासत में लिया। उसने 22 अगस्त को अन्नक्षेत्र में ड्युटी करने वाले नारायण सोलंकी की सरफेस पार्किंग में खड़ी बाइक चुराई थी। पुलिस टीम ने दोनों से बरामदगी के प्रयास शुरू किये तो उनकी निशानदेही पर दोनों ब्राइ के साथ पांच अन्य बाइक भी बरामद हो गई। 7 बाइक बरामद होने पर दोनों के खिलाफ वाहन चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। पूछताछ में पांच बाइक ग्रामीण क्षेत्रों से चोरी करना कबूल किया है। जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है। दोनों को बताया कि वह चाबी लेकर चोरी करने निकलते थे। जिस बाइक में चाबी लग जाती थी उसे चुराकर ले जाते थे।

---

मजदूरी करने वाले अधेड़ ने घर के पीछे टापरी में बना लिया जुएं का अड्डा

# पुलिस ने दबिश मारी तो 12 लोग हिरासत में आए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मजदूरी करने वाले अधेड़ ने घर के पीछे टापरी में जुएं का अड्डा बना लिया था। सोमवार-मंगलवार सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश मारी तो 12 लोग हिरासत में आ गये। जिनके पास से 21 हजार से अधिक की नगद राशि बरामद की गई है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि रात 11 बजे के लगभग खबर मिली थी कि अशोक कॉलोनी में अनिल भाटिया के घर के पीछे टापरी में कई लोग छुपकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर एसआई शांतिलाल मौर्य, एएसआई भुरिया मोहरे, दयाशंकर, प्रधान आरक्षक गोपाल चावला, आरक्षक संदीप यादव, अर्पित कायस्थ, सौरभ और नगर सुरक्षा समिति सदस्यों की टीम बनाकर टापरी के आसपास घेराबंदी कर दबिश



मारी गई। मौके से अनिल पिता रंजीत भाटिया के साथ प्रवीण पिता जगदीश, घनश्याम पिता शंकरलाल, दीपक पिता बाबूलाल चंदन, भीम पिता नंदू प्रसाद, निश्चय पिता भरतलाल, दिनेश पिता रामचंद्र, त्रिलोक पिता राजकुमार, सुमित पिता विनोद, लोकेश पिता हीरालाल, रफीक पिता अब्दुल और मदन पिता बाबूलाल को हिरासत में लिया गया। सभी बिरलाग्राम क्षेत्र के रहने वाले है, जो जमीन पर फड़ लगाकर ताशपत्ती से दांव लगा रहे थे। पुलिस ने फड़ से ताशपत्ती के साथ 21 हजार 300 रुपए नगद बरामद कर सभी के खिलाफ जुआ एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया। पूछताछ में सामने आया कि अनिल ने कुछ दिनों से घर के पीछे टापरी में जुएं का अड्डा बना लिया, जुआ खेलने वाले सभी आरोपी मजदूरी करते है। थाना प्रभारी के अनुसार सभी के खिलाफ दर्ज प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

# बेटी के चोरी हुये आभूषण मिलने पर भावुक हुआ पिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अक्टूबर 2025 में नागदा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहना पिपलिया में रहने वाले जगदीशसिंह के मकान में चोरी की वारदात हो गई थी। बदमाश डिलेवरी के लिये आई बेटी के आभूषण चुराकर ले गये थे। जिसकी कीमत करीब 4 लाख के लगभग थी। इस बीच कुछ दिन पहले नागदा पुलिस ने खरगोन के सिगनूर निवासी रतलामसिंह सिकलीगर, दीपक सिकलीगर और शिवराज छाबड़ा निवासी गंधवानी धार को गिरफ्तार किया था, पुलिस ने तीनों सिकलीगरों की निशानदेही पर 28 लाख से अधिक के आभूषण बरामद किये थे। जिसमें जगदीशसिंह के घर से चोरी हुये आभूषण भी शामिल थे। 11 माह



बाद सभी आभूषण पुलिस द्वारा बरामद करने और बदमाशों को पकड़ने की खबर जगदीश को मिली तो वह भावुक हो गया। उसने थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी का आभार माना, वहीं पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन में हुई कार्रवाई को देखते हुये मंगलवार को उज्जैन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक का भी आभार मानकर पुष्पगुच्छ भेंट किया।

---

# बाइक नम्बर से हुई खंती में मिली लाश की पहचान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गरोठ हाइवे सर्विस लेन के पास खंती में मंगलवार सुबह एक युवक की लाश पड़ी होने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी, मृतक के पास बाइक और छोटा गैस सिलेंडर पड़ा था। बाइक नम्बर से पुलिस ने उसकी पहचान की और परिजनों को सूचना दी। मृतक युवक देवास जिले के बांगर का रहने वाला था और वर्तमान में किराये से उज्जैन में निवास कर रहा था।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने बताया था कि गरोठ हाइवे पर खंती में एक युवक की लाश पड़ी है। घटनास्थल पर जांच के दौरान सामने आया कि सर्विस लेन पर बाइक फिसलने या फिर किसी वाहन से टकराने पर युवक बाइक सहित गिरा है। उसके पास से पहचान को कोई दस्तावेज नहीं मिला। बाइक नम्बर एमपी 13 डीक्यू 4013 के आधार पर जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि देवास के ग्राम बांगर का रहने वाला रोहित पिता मुकेश चौहान 22 साल है। परिजनों को सूचना दी गई। बुआ का पुत्र और रिश्तेदार घटनास्थल पहुंचे और उन्होने पहचान की। प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला के साथ बॉडी को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों की मौजदूगी में पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा गया है। इस दौरान बुआ के पुत्र ने बताया कि रोहित ने प्रेम विवाह किया था और वह टूर एंड ट्रेवल्स का काम करता था। वह प्रेमनगर में किराये से रहने लगा था। संभवतः गैस सिलेंडर भराने गया था, उसी दौरान घटना हुई है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में घटनाक्रम का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल मामला सड़क हादसा सामने आ रहा है।

निवेश के नाम पर किसानों को मुनाफे का देते थे झांसा

# 7 साल बाद गिरफ्त में आये 70 लाख ठगने वाले दंपति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कृषि उत्पाद और कीटनाशक उपलब्ध कराने के साथ निवेश के नाम पर हर माह मुनाफे का झांसा देकर किसानों से 70 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दंपति को 7 साल बाद ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों ने अपने गिरोह के साथ अन्य जिलों में करीब 15 करोड़ की ठगी को अंजाम दिया था।

ईओडब्ल्यू एसआई सचिन्द्रपालसिंह सेंधव ने बताया कि वर्ष 2019 में महेश पटेल, जितेन्द्र पाटीदार, राकेश प्रजापत, सतीश परमार, महेश सारा और शांतिलाल परमार के बयान दर्ज कर ग्रीन लीफ सॉइल फर्टिलाइजर एनहांसर प्रायवेट लिमिटेड के प्रेमनारायण दांगी, अंकिता पति प्रेमनारायण दांगी, सुधीर मिश्रा, जयचंद्र झा, ओमप्रकाश सोनी, सुनील शेरा,



तरूण सूर्यवंशी और लालसिंह गुणवान के खिलाफ किसानों को कृषि उत्पाद और कीटनाशक उपलब्ध कराने के साथ कंपनी में निवेश करने पर प्रतिमाह मुनाफा देने का झांसा देकर 70 लाख से अधिक की धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया था। सात सालों से मामले में आरोपियों की तलाश जारी थी। तकनीकी साक्ष्यों से प्रेमनारायण दांगी और उसकी पत्नी अंकिता की जानकारी सामने आने पर एक टीम उदयपुर और दूसरी इंदौर रवाना की गई। उदयपुर से प्रेमनारायण और इंदौर से अंकिता को गिरफ्तार कर मंगलवार को उज्जैन लाया गया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है। उनके साथ कंपनी में काम करने वाले अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। एसआई सेंधव के अनुसार मुख्य आरोपी प्रेमनारायण दांगी है, 3 साल पहले उसके साथ दुर्घटना हुई थी, जिसके चलते वह लकवाग्रस्त हो चुका है।

### 15 करोड़ से अधिक की कर चुके थे ठगी

बताया जा रहा है कि उज्जैन जिले के साथ मंदसौर, नीमच, आगर, देवास, धार सहित शातिर आरोपियों ने राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश में भी अलग-अलग नाम से कंपनियां खोलकर 15 करोड़ से अधिक की ठगी को अंजाम दिया है। उज्जैन ईओडब्ल्यू ने कंपनी के संचालकों और प्रमोटरों के खिलाफ धारा 409, 420, 120 बी, में प्रकरण दर्ज किया था। उज्जैन जिले में किसानों से निवेश कराने के लिये चैन सिस्टम बनाया था, कुछ को मुनाफा भी दिया और चेन लम्बी होने के बाद निवेश की राशि लेकर फरार हो गये थे।

---

पुलिस ने रोका तो आरोपियों ने कार भगा ली और कच्चे रास्ते पर छोड़कर भागे

# लक्जरी कार से 2.495 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद

## मुख्य आरोपी,कार चालक एवं दो अज्ञात पर एनडीपीएस का प्रकरण दर्ज, तलाश जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम/उज्जैन

पुलिस ने जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कालूखेड़ा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक हुंडई क्रेटा कार से 2 किलो 495 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त एमडी ड्रग्स की कीमत लगभग 2.50 करोड़ आंकी गई है। तस्करी में इस्तेमाल की जा रही 20 लाख कीमत की कार समेत पुलिस ने कुल 2.70 करोड़ का मशरूका बरामद किया है।

मावता चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दिनेश राठौर को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि आरोपी लखन मीणा अपने तीन साथियों के साथ काले रंग की हुंडई क्रेटा कार आरजे 27 सीपी 3608 में भारी मात्रा में एमडी ड्रग्स लेकर बेहपुर-मंदसौर की तरफ से रियावन की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने



रानीगांव फंटे पर घेराबंदी की।

तेज रफ्तार क्रेटा कार को जब पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो चालक ने गाड़ी भगा दी। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर आरोपी कार को बिलंदपुर-चिपिया के कच्चे रास्ते पर ले गए और उबड़-खाबड़ जंगल क्षेत्र में वाहन छोड़कर झाड़ियों व अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

**कार की तलाशी में मिली ड्रग्स की खेप-** पुलिस ने पंचों की मौजूदगी में लावारिस हालत में मिली कार की तलाशी ली। ड्राइवर सीट के नीचे एक हरे रंग की कपड़े की थैली में तीन पारदर्शी पैकेट मिले, जिनमें हल्के भूरे रंग का क्रिस्टलनुमा पदार्थ भरा था। जांच में इसकी पुष्टि टऊ ड्रग्स के रूप में हुई। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तोलने पर कुल वजन 2.495 किलोग्राम निकला।

### एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस ने मुख्य आरोपी लखन पिता भेरुलाल मीणा (निवासी भाकरखेड़ी), कार चालक और दो अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। साथ ही ड्रग्स के सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पड़ताल जारी है।
इस पूरी कार्रवाई में कालूखेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक शंकरसिंह चौहान, चौकी प्रभारी दिनेश राठौर सहित मावता पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com